# जिलेभर में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती

## सरकारी और निजी संस्थानों में हुए कार्यक्रम, संगोष्ठी में व्यक्त किए विचार, कई जगह हुए भंडारे, नगर पालिका में विशेष कार्यक्रम हुआ आयोजित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** जिलेभर में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती उत्साह, उल्लास और उमंग से मनाई गई। विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहेब का नमन किया गया और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया।

कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी, एडीएम न्यायिक रोशनी यादव, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर आदि अधिकारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने डॉ. आंबेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि संविधान निर्माता ने समाज को मुख्य धारा में जोड़ा। संविधान निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

डॉ. आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम उनके बताए रास्ते पर चलकर अच्छे समाज का निर्माण करें और समाज को आगे बढ़ाएं। पुलिस लाइन में एसपी सुकीर्ति माधव, एएसपी विक्रम दहिया, सीओ सदर नताशा गोयल आदि ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। वहीं, थाना स्तर पर भी कार्यक्रम हुए। भारतीय जनता पार्टी ने बूथ स्तर तक बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम किए। मोहल्ला नखासा में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह , चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल , जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती, विकास वाल्मीकि ने सहभागिता की। उनके योगदान को याद किया गया और आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

समाजवादी पार्टी ने भी बाबा साहेब की जयंती मनाई। जिला कार्यालय के साथ ही पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के गजरौला में कार्यक्रम हुआ। यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय पदाधिकारी अरशद दद्दा, डॉ. मनोज यादव, मानवेंद्र सिंह यादव प्रभारी के रूप में शामिल हुए। बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने कहा कि बाबा साहब का संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के अधिकार के लिए समर्पित रहा। शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है, और बाबा साहब ने इसे अपने जीवन से सिद्ध किया।इस मौके पर संजय यादव, मोनू ठाकुर, नाबिर अली मंसूरी आदि मौजूद रहे।

समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट की अगुवाई में मोहल्ला सुनगढ़ी स्थित उनके आवास पर कार्यक्रम हुआ। जिसमें युवजन सभा के पदाधिकारी भी शामिल हुए। बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। संचालन सपा प्रवक्ता अमित पाठक एडवोकेट ने किया। इस मौके पर अधिवक्ता सभा के जिलाउपाध्यक्ष आशीष कुमार एडवोकेट, राजीव यादव, ने भी विचार रखे। युवजन सभा के जिलाध्यक्ष हरगोविन्द गंगवार, महासचिव नरेन्द्र गिरि गोस्वामी एडवोके, केके पाल, प्रदीप श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। उपाधि महाविद्यालय सभागार में हुए कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.दुष्यंत कुमार की अगुवाई में स्टाफ ने डॉ.आंबेडकर के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके शुरुआत कराई। विचार गोष्ठी हुई, जिसमें प्रोफेसर प्रणव शास्त्री, डॉ. गजेंद्र सिंह, डॉ.दिवाकर सिंह, डॉ.केपी सिंह, डॉ.दुर्गेशधर द्विवेदी, डॉ.अनुपम पांडे आदि ने विचार रखे। इसके अलावा राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती व अग्नि रोधक दिवस पर मनाया गया।



उपाधि कॉलेज में हुई संगोष्ठी में मौजूद प्राचार्य, प्रोफसर व विद्यार्थी। ● अमृत विचार



गजरौला में हुए कार्यक्रम में बाबा साहेब को नमन करते सपा नेता। ● अमृत विचार



संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।



मोहल्ला नखासा में हुए कार्यक्रम में बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य व अन्य। ● अमृत विचार

### बीसलपुर में निकाली आंबेडकर शोभायात्रा



**बीसलपुर, अमृत विचारः** बारहपत्थर चौराहा स्थित आंबेडकर पार्क में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जयसवाल उर्फ निक्की ने पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद शोभायात्रा शुरू कराई गई। आंबेडकर पार्क से निकली शोभायात्रा मुख्य मार्गों गुजरी। बाबा साहब की झांकी सजाई गई। उधर, सपा नेता पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ़ फूल बाबू के कैंप कार्यालय पर भी कार्यक्रम हुआ। सपा की राष्ट्रीय महासचिव दिव्या गंगवार व चौधरी प्रदीप पटेल की ओर से भी आंबेडकर जयंती पर सभा आयोजित की गई। उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर पार्क में पहुंचकर जन्मोत्सव के उपलक्ष में दीपोत्सव मनाया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष उमाकांत मिश्रा, उपाध्यक्ष नरेंद्र गगवार, आनंद गुप्ता, शिवेंद्र नाथ शुक्ला, सर्वेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। एक बारात घर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता की ओर से कार्यक्रम कर बच्चों को उपहार दिए गए। शफी डिग्री कॉलेज में प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र कुमार ले कार्यक्रम की शुरुआत कराई। रामदुलारी श्याम सुंदरइटर कॉलेज में प्रधानाचार्य मनोज कुमार दुबे, छत्रपति शिवाजी इंटर कॉलेज जोगीठेर में प्रधानाचार्य डॉ. योगेश कुमार, कैम स्कॉलर्स विद्यालय में प्रबंधक राजेश अग्रवाल, सह प्रबंधक मनीषा अग्रवाल, एसआरएम इंटर कॉलेज में पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जयसवाल की अध्यक्षता मे कार्यक्रम हुआ।

### डॉ. आंबेडकर का जन्मदिवस मनाया

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर समेत क्षेत्रभर में डॉ .भीमराव आंबेडकर का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही लोग तैयारी में लग गए। बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका नमन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता ने भी अपने साथियों के साथ घनश्यामपुर में डॉ .भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और विचार रखे।

### बेनहर में आंबेडकर जयंती पर हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

**पीलीभीत, अमृत विचार :** संविधान निर्माता डॉ . भीमराव आंबेडकर की जयंती पर मंगलवार को बेनहर पब्लिक स्कूल में क्रिकेट प्रतियोगिता एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा की अगुवाई में प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी, मैनेजिंग डायरेक्टर गुरदित्त सिंह सैहमी, सीनियर विंग हेडमिस्ट्रेस निर्मला शर्मा,जूनियर विंग हेडमिस्ट्रेस नेहा पांडे ने मैच के पूर्व खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी। खेल शिक्षक देव सिंह, त्रिलोक चंद्र, अमन सिंह, राजेंद्र मौर्य ने मैच रेफरी का दायित्व संभाला। जूनियर विंग बालक वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच विंध्या हाउस और हिमालया हाउस के बीच हुआ। जिसमें विंध्या हाउस ने जीत दर्ज की। दूसरे मैच में सतपुरा ने अरावली हाउस को हराया। तीसरे स्थान के लिए मैच विंध्या हाउस और अरावली हाउस के बीच मुकाबला हुआ जिसमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर विंध्या हाउस ने मुकाबला जीता। फाइनल मुकाबले में सतपुरा और हिमालया के बीच खेला गया जिसको सतपुरा ने नौ विकेट से फाइनल जीत लिया। सीनियर विंग बालिका वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला मैच हिमालया हाउस को नौ विकेट से हराकर विंध्या हाउस ने जीता। दूसरे मैच में अरावली हाउस ने सतपुरा हाउस को 42 रनो से हराया। फाइनल में अरावली हाउस और विंध्या हाउस के बीच रोचक मुकाबला रहा, जिसमें विंध्या हाउस ने आठ विकेट से जीत दर्ज की। सीनियर विंग बालक वर्ग में हिमालय हाउस को हराकर विंध्या हाउस ने 10 रनों से फाइनल जीता।



क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेती छात्राएं। ● अमृत विचार

### अमरिया में निकाली गई रैली विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



अमरिया में निकाली रैली में मौजूद लोग।

**अमरिया, अमृत विचार :** क्षेत्र में डॉ . भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम हुए। उनके चित्र व प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। मेला मैदान में हुए कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह, यामीन उर्फ पप्पू, रजत कुमार, रामचंद्र लाल, मुकेश बाबू, धर्मेंद्र कुमार, हुकम सिंह, आदि मौजू रहे। गांव बांसखेड़ा से गूलरबोझ, मुगलाखेड़ा होते हुए अमरिया रामलीला मैदान तक रैली निकाली गई। झांकियां भी सजाई गई। कई जगह रैली का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का समापन बांसखेड़ा में सभा के साथ हुआ।

### बरखेड़ा में भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



एचआरपी डिग्री कॉलेज के कार्यक्रम में पोस्टर दिखातीं छात्राएं।

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** एचआरपी डिग्री कॉलेज में भारत रत्न डॉ . भीमराव आंबेडकर की जयंती पर भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि प्रबन्ध निदेशक मुकेश कुमार गुप्ता रहे और अध्यक्षता प्राचार्या डॉ . वंदना शर्मा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ . आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर हुई। उनके जीवन,संघर्षों एवं संविधान निर्माण में योगदान पर विचार प्रस्तुत किए। पोस्टर प्रतियोगिता में गीतांजलि प्रथम, मीनू द्वितीय व भाषण में निमिष पाल विजेता रही। प्रबन्ध निदेशक मुकेश कुमार गुप्ता, आशीष गुप्ता, डॉ .अनूप बेरी ने बाबा साहेब के जीवन पर विचार व्यक्त किए।

### बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलें

**बीसलपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक बरात घर में भारत रत्न डॉ .भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करके कराई गई। सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार, उनके पति चौधरी प्रदीप सिंह पटेल ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर विचार रखे। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा भी शामिल हुए और बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर रूपलाल महातिया, शालिकराम गंगवार, फैजान खां, मलखान सिंह, रक्षपाल गौतम, बंटी शर्मा, रामदास गौतम, रामसेवक वर्मा, रोहित मिश्रा, लखविंदर आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में मौजूद सपा नेत्री दिव्या गंगवार व अन्य।

### बाबा साहब का किया नमन, महिला सशक्तिकरण पर जोर

**पीलीभीत, अमृत विचार :** महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम और बाबा साहब डॉ .भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को शहर के स्प्रिंगडेल स्कूल में कार्यक्रम हुआ। जिसमें जिला मंत्री भाजपा ऋचा सिंह पटेल ने महिला शक्ति के साथ आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर वंदन किया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण को लेकर भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक चारु धवन,शीतल अवस्थी,निहारिका अस्थाना,ज्योति,मेधा आदि मौजूद रहे।



स्प्रिंगडेल स्कूल में बाबा साहब का नमन करती महिलाएं।

# 77 लाख से अधिक एरियर का किया भुगतान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कर्मचारियों को प्रतीकात्मक चेक सौंपते अतिथि, चेयरमैन व अन्य। ● अमृत विचार

- **आंबेडकर जयंती पर हुए कार्यक्रम में नगर पालिका ने सौंपे प्रतीकात्मक चेक**

**अमृत विचारः** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर पालिका पीलीभीत में कर्मचारी हितैषी पहल देखने को मिली। एक दशक से लंबित कर्मचारियों के एरियर भुगतान की प्रक्रिया की शुरुआत कराते हुए 211 कर्मचारियों को कुल 77 लाख 36 हजार 246 रुपये के एरियर का वितरण प्रतीकात्मक चेक के माध्यम से किया गया। यह कार्यक्रम नगर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल की अध्यक्षता में हुआ,जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य भी बतौर अतिथि शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित करके की गई। वक्ताओं ने उनके जीवन, विचारों और सामाजिक न्याय की दिशा में किए गए योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का सपना था कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी समान अधिकार और सम्मान मिले। इसी भावना के अनुरूप कर्मचारियों को उनका बकाया एरियर दिलाना एक सार्थक कदम है। लिपिकीय विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कई कर्मचारियों का एरियर पिछले लगभग 10 वर्षों से एरियर भुगतान लंबित था।

चेयरमैन ने कहा कि कर्मचारियों का हक समय पर मिलना उनका अधिकार है। लंबे समय से एरियर लंबित होने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए आंबेडकर जयंती जैसे प्रेरणादायक दिन का चयन किया गया, ताकि बाबा साहब के सिद्धांतों को व्यवहार में उतारा जा सके।संचालन सभासद साकेत सक्सेना और शंकर राही ने किया। इस मौके पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, ईओ संजीव कुमार, नगर अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

### युवती खुद पहुंच गई थाने

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** 10 दिन पूर्व फुसलाकर ले जाई गई युवती मंगलवार को खुद थाने पहुंची। उसके फुसलाकर ले जाने के आरोप में लिखे गए मुकदमे के विवेचक रईस अहमद ने बताया कि युवती के भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें गांव बिथरा के राजेश पर आरोप था। युवती का मेडिकल परीक्षण कराकर बयान कराए जाएंगे।

### सपा नेता ने कांशीराम कॉलोनी में की गोष्ठी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती पर सपा के वरिष्ठ नेता सुधीर तिवारी एडवोकेट की ओर से कांशीराम कॉलोनी ईदगाह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समर्थकों के साथ उन्होंने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद विचार गोष्ठी की गई। इस दौरान बस्ती के बच्चों को व अन्य लोगों को मिठाई बांटी गई। उन्होंने कहा कि डॉ .आंबेडकर ने भारतीय संविधान की रचना की और संविधान को इस प्रकार से रचित किया कि जिससे दलित, शोषित और वंचितो का उद्धार हो सके। यहां इदरीश अंसारी, रेहान अंसारी, कुलदीप सोनकर, मुकेश कुमार, सुमित, अरविंद कुमार, सुरेश, मोहम्मद नईम आदि रहे।

### नगर पंचायत बरखेड़ा में भी हुआ कार्यक्रम

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** नगर पंचायत कार्यालय में मंगलवार को डॉ .भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल, उनकी पत्नी ममता भोजवाल ने विचार रखे। मचवाखेड़ा गांव के वृद्धाश्रम में हुए कार्यक्रम में भी बाबा साहब के संघर्षों को बताते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने की अपील की।



बाबा साहब को नमन करते चेयरमैन बरखेड़ा व अन्य।

# पीडब्ल्यूडी की जमीन पर कब्जा, तीन पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **हनुमान मंदिर तिराहे के पास पक्की बाउंड्री बनाकर किया अतिक्रमण**

**अमृत विचार :** मझोला-टनकपुर मार्ग पर पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की जमीन पर तीन युवकों ने पक्की बाउंड्रीवाल बनाकर अवैध कब्जा कर लिया था। मामला संज्ञान में आने पर विभाग की कई बार चेतावनी के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर अब सहायक अभियंता ने न्यूरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

लोनिवि के सहायक अभियंता जयपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मझोला-टनकपुर मार्ग पर हनुमान मंदिर तिराहे से चौकी मझोला की ओर दाईं ओर गाटा 142 व 132 विभागीय भूमि है। आरोप है कि इस पर सुखदीप सिंह, डॉ. मल्लीदास और अमन शर्मा ने अवैध कब्जा किया है। आरोपियों ने रेडीमेड सीमेंट कंक्रीट की बाउंड्री खड़ी कर दी और भराव कर पक्का निर्माण कर लिया। जानकारी होने पर विभागीय टीम ने संबंधित लोगों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। टीम में अवर अभियंता ओमपाल सिंह, प्रभारी अमीन मनोज शंखधार और वर्क एजेंट मोहम्मद शाहिद शामिल रहे। इसके बावजूद आरोपियों ने चेतावनियों को नजरअंदाज किया और तय सीमा में कब्जा नहीं हटाया। 23 मार्च को पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ। करीब 20 दिन बाद भी कब्जा जस का तस रहने पर विभाग ने कानूनी कार्रवाई का सहारा लिया। न्यूरिया एसओ सुभाष मावी ने बताया कि तीनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### गेहूं और गन्ने की फसल में लगी आग

**बीसलपुर, अमृत विचारः** तेज हवा के बीच आग की घटनाएं बढ़ गई है। ग्राम परसिया में मंगलवार शाम करीब चार बजे नेत्रपाल राठौर के गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई। आग की सूचना पाते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण खेत के आसपास पहुंच गए। आग बुझाने का प्रयास किया गया। मगर आग कुछही देर में भीषण हो गई। देखते ही देखते कई किसानों की आठ बीघा गेहूं की फसल को चपेट में ले लिया। ने नेत्रपाल के खेत के पास में खड़ी गन्ने की पेड़ी हरीश कुमार, वीरपाल, महेश कुमार, राजपाल और सुरेश के खेत तक आग पहुंच गई। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर बमुश्किल काबू किया। एसडीएम नागेंद्र पांडे ने नायब तहसीलदार वीरपाल सिंह की अगुवाई में टीम को मौके पर भेजा। टीम ने मौका मुआयना कर नुकसान काआकलन कर जल्द मुआवजे का आश्वासन दिया।

# सरकारी धन की खातों में रही बौछार, बेखबर जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पुलिस की विवेचना में अब तक 53 खातों में संदिग्ध लेनेदन चिह्नित**
- **5.28 करोड़ से अधिक फ्रीज कराई रकम, जांच में खुल रहे राज**

**अमृत विचारः** जिम्मेदारों की शह पर डीआईओएस कार्यालय में नियम विरुद्ध बाबूगिरी कर रहे चपरासी इल्हाम उर्रहमान शम्सी द्वारा किए गए सरकारी धन के गबन मामले में पुलिस की जांच घोटोल की तह तक पहुंचती दिखाई दे रही है। अब तक की जांच में संदिग्ध लेनदेन वाले खातों की संख्या 53 पहुंच गई है। जिसमें 5.28 करोड़ से अधिक की धनराशि फ्रीज कराई जा चुकी है। अभी भी पुलिस की टीमें मुख्य आरोपी से पूछताछ के बाद प्रकाश में आए अन्य तथ्यों पर पड़ताल में जुट गई हैं। सवाल है कि नियम विरुद्ध तरीके से बाबूगिरि करने वाला चपरासी 50 से अधिक खातों में सरकारी धनराशि की बौछार कराता रहा और डीआईओएस दफ्तर व ट्रेजरी के जिम्मेदार अधिकारियों को खबर तक नहीं लगी। ऐसे में मिलीभगत को लेकर भी चर्चाएं तेज हो चुकी है।

बीसलपुर के जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में चपरासी पद पर तैनात इल्हाम उर्रहमान शम्सी पर विभागीय अधिकारी सालों मेहरबान थे। उसे मूल पद पर काम कराने के बजाय डीआईओएस दफ्तर में अटैचमेंट के नाम पर बाबूगिरी कराई जाती रही। इसकी कई शिकायतें हुई लेकिन उसको ठंडे बस्ते में डाल दिया गया या फिर मामले में एक्शन नहीं लिया। मगर अब उस पर गबन की हुई एफआईआर के बाद मुश्किलें बढ़ती दिखाई दे रही है।



इल्हाम उर्रहमान शम्सी।

### 59 लाख रुपये की एफडी भी कराई गई फ्रीज

विवेचना के दौरान पुलिस के सामने आया है कि मुख्य आरोपी चपरासी इल्हाम उर्रहमान शम्सी द्वारा अपनी पत्नी अर्शी खातून के एकांउट में 3330229 रुपये की एफडी कराई गई। इसी तरह से तहसीन जहां पत्नी इनायतुल्ला खां के खाते में 70444 रुपये की एफडी और अपनी दूसरी पत्नी अजरा पत्नी इल्हाम शम्सी के खाते में 25 लाख रुपये की एफडी कराई गई है। कुल तीन खातों में 59 लाख 735 रुपये की एफडी की गई। ऐसे में अग्रिम कार्रवाई करते हुए संबंधित एफडी भी फ्रीज करा दी गई हैं।

> चार सदस्यीय टीम विवेचना कर रही है। प्रतिदिन अधिकारियों द्वारा पर्यवेक्षण किया जा रहा है। अभी तक 53 खातों में संदिग्ध वित्तीय लेनेदन चिन्हित करते हुए 5 .28 करोड़ से अधिक धनराशि फ्रीज कराई जा चुकी है। – **सुकीर्ति माधव**, एसपी।

चार सदस्यीय टीम द्वारा की जा रही विवेचना में बीते दिनों इल्हाम द्वारा बरेली के प्रॉपर्टी डीलरों के खाते में सरकारी धनराशि भेजने की बात पकड़ में आ गई थी। जेएचएम इंफ्राहोम प्राइवेट लिमिटेड बरेली के खाते में 90 लाख और ओरिका होम्स बिल्डर बरेली के खाते में 17.18 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे, जिन्हें फ्रीज करा दिया गया था। इसकी जांच चल रही है। अब विवेचना को गति दी गई है। जिसके बाद अब तक 53 खातों में संदिग्ध वित्तीय लेनदेन चिन्हित कर लिया गया है। पुलिस द्वारा इन खातों की 05 करोड़ 28 लाख 57 हजार 605 रुपये की धनराशि फ्रीज करा दी गई है। आगे की कार्रवाई अधिकारियों की निगरानी में कराई जा रही है। फिलहाल मामले में कईयों की गर्दन फंसना तय लग रहा है।

### बंद घर में लगी आग सामान जला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम सहगवां नगरिया निवासी रामस्वरूप ने बताया कि सोमवार को वह अपने परिवार समेत खेतों पर गेहूं की कटाई करने के लिए गए थे। रात में किसी समय घर में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही परिवार और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जब तक लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश शुरू हुई, तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। इस आग में करीब 40 हजार रुपये, बेड, अलमारी, कपड़े और अन्य जरूरी घरेलू सामान जल गया। दीवारों और लिंटर में भी दरारें पड़ गईं। जहानाबाद पुलिस और लेखपाल मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन किया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि घर पर परिवार वाले नहीं थे। नुकसान का आकलन लेखपाल ने किया है।

## शहर में आज

- पुलिस लाइन समेत चार स्थानों पर परिवार परामर्श केंद्र शिविर सुबह 10 बजे से।
- शेरोवाली मठिया ब्रहमदेव बाबा मंदिर में श्रीमद भागवत कथा शाम 06 बजे से।
- मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरुकता कार्यक्रम सुबह 09 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### कहासुनी के बाद युवती से मारपीट, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना जहानाबाद क्षेत्र के मोहल्ला पुरैना निवासी मधु कश्यप पुत्री सोमदत्त ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 13 अप्रैल को वह रिच्छा तिराहा बस स्टैंड की ओर गई थी। जहां किसी बात को लेकर खेमकरन से कहासुनी हो गई। आरोप है कि खेमकरन ने गाली-गलौज करते हुए अपनी पत्नी संतोष कुमारी, पुत्री काजल व अन्य महिला को बुला लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर उसको सड़क पर गिराकर लाठी-डंडों व लात-घूसों से पीटा। मारपीट में उसका कान भी नोंच लिया गया। जिससे खून बहने लगा। पीड़िता ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने शुरु कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### मारपीट में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम मानपुर हटुआ निवासी रज्जो बेगम पत्नी मुनीर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के फारुख पुत्र रफीक, गुशीद पुत्र फारुख व अजमेरी पत्नी फारुख ने तीन अप्रैल को सुबह करीब 10 बजे उनके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने घर के सामने लात-घूंसों से मारपीट की। आसपास के लोगों के एकत्र हो जाने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### चोरी के मामले में एफआईआर

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम मधुवानगरी निवासी चेतराम पुत्र लालता प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 12 अप्रैल की रात अज्ञात चोरों ने उनके घर में घुसकर कीमती जेवरात चोरी कर लिए। चोरी हुए सामान में एक सोने का हार, एक सोने की चेन, नाक की नथ-टीका, दो मंगलसूत्र, दो सोने की अंगूठियां और एक कमरपेटी शामिल हैं। सुबह उठने पर घर का सामान बिखरा मिला, तब घटना की जानकारी हुई। चेतराम ने थाना जहानाबाद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक जहानाबाद प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शार्ट सर्किट से छप्पर में लगी आग

**बिलसंडा, अमृत विचार** : शार्टसर्किट से एक छप्पर में आग लग गई। हादसे में काफी सामान जल गया। बता दें कि क्षेत्र के गांव निर्मलगंज गौटिया में नेमवती अपने बच्चों के साथ जीवन यापन कर रही हैं। छप्परपोश घर में रहती है। मकान बनाने के लिए 80 हजार रुपये घर पर रखे थे। पैनल के तारों से चिंगारी उठी और छप्पर में जा पहुंची। कुछ ही देर में आग भीषण हीी गई। शोर पर जब तक लासेग जमा हुए और दमकल टीम पहुंची आग में काफी सामान जल चुका था। एक कुत्ता भी झुलस गया। सूचना मिलने पर राजस्व टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी की।

# बिना अनुमति लगाई आंबेडकर प्रतिमा हटवाने पर तनाव

## बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कबूलपुर में अफसर भी पहुंचे, पुलिस बल मुस्तैद रहा, ग्रामीणों से की शांति बनाए रखने की अपील

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

- खाली मैदान में पहले चबूतरा बनाने के बाद दो दिन पहले लगा दी थी प्रतिमा
- एसडीएम-सीओ ने वार्ता कर हटवाई, अनुमति के बाद लगाने की कही बात

**अमृत विचार**: ग्राम कबूलपुर में खाली पड़ी जगह पर बनाए गए चबूतरे में बिना अनुमति बाबा साहब की प्रतिमा लगा दी गई। जानकारी मिलने पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और वार्ता कर प्रतिमा को हटवाकर रखवा दिया। शासन-प्रशासन से अनुमति लेने के बाद प्रतिमा स्थापित कराने की बात कही गई। इसे लेकर गांव में तनाव के हालात बन गए। भारी पुलिस बल गांव में दिनभर मुस्तैद रहा और ग्रामीणों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई। फिलहाल अब अनुमति को लेकर भी पत्र अधिकारियों को भेज दिया है। अधिकारी भी दिन भर गांव पर नजर बनाए रहे।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कबूलपुर में जूनियर स्कूल के पास आंबेडकर पार्क के लिए जगह चिन्हित की गई थी, जो खाली है। करीब चार माह पूर्व इसमें चबूतरे का निर्माण कुछ लोगों ने कराया था। इसमें कुछ काम बाकी था। जिसे कुछ ग्रामीणों ने 12 अप्रैल को पूरा कराया और उसी दिन बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा संबंधित चबूतरे पर स्थापित कर दी गई। ये प्रतिमा एक मकान में बनवाकर कई दिन पूर्व ही रखी हुई थी।



कबूलपुर गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने को तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

मंगलवार को आंबेडकर जयंती के अवसर पर यहां पर कार्यक्रम आयोजित किया जाना था। इससे एक दिन पूर्व तेरह अप्रैल को बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित किए जाने की सूचना पुलिस तक पहुंची। जिसके बाद पुलिस प्रशासनिक अमले में खलबली मच गई। इस पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारी गांव पहुंचे और देर शाम प्रतिमा को वार्ता के बाद हटवाकर पुनःउसी घर पर रखवा दिया गया। प्रतिमा को नियमानुसार स्थापित करने की सलाह दी गई और इसके लिए अनुमति मांगने के लिए कहा गया। बताते हैं कि सोमवार रात करीब 12 बजे बीसलपुर से पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ गए थे।

प्रतिमा हटाए जाने के बाद गांव में तनाव के हालात बन गए। इसे लेकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश न कर दी जाए या फिर विरोध न हो। इसे लेकर गांव में कई थानों की पुलिस और पीएसी की तैनाती कर दी गई। भारी पुलिस बल दिनभर मुस्तैद रहा। राजस्व टीम भी गांव में लगी रही।

इसके बाद ग्राम प्रधान आरती, क्षेत्र पंचायत सदस्य समेत अन्य ग्रामीणों के संयुक्त हस्ताक्षर के साथ मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट को संबोधित पत्र दिया गया। जिसमें आंबेडकर पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करने की अनुमति मांगी है। इंस्पेक्टर बरखेड़ा प्रमेंद्र कुमार का कहना था कि ग्रामीणों को अनुमति लेने के बाद नियमानुसार तरीके से प्रतिमा स्थापित करने के लिए कहा गया है। गांव में किसी तरह का तनाव के हालात नहीं है। एहतियातन सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं।

### शाम को उसी स्थान पर किया कार्यक्रम

क्षेत्र के गांव कबूलपुर में डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क की खाली पड़ी जगह में बाबा साहब की प्रतिमा जिस स्थान पर स्थापित करने की मांग की जा रही थी। वहीं, पर मंगलवार शाम करीब पांच बजे गांव के ही भगवान दास पुत्र हीरालाल की देखरेख कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। इस मौके पर डॉ. अर्जुन कुमार, ओमप्रकाश, जयप्रकाश आदि मौजूद रहे।



कबूलपुर गांव में संबंधित जगह पर कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार



कबूलपुर गांव में स्थापित करने को बनवाई गई बाबा साहब की प्रतिमा।

### घरों से न निकलने देने के भी लगे आरोप

इस मामले को लेकर तनावपूर्ण शांति गांव में रही। हालांकि ग्रामीणों के कुछ वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए। जिसके अनुसार ग्रामीणों का आरोप था कि सोमवार रात को पुलिस ने घरों में से निकलने नहीं दिया। बताते हैं कि घरों के बाहर पुलिसकर्मी खड़े थे और किसी को निकलने नहीं दिया जा रहा था। सुबह ग्रामीणों में प्रतिमा हटाने को लेकर रोष दिखा।

# डीपीएस में एनसीईआरटी कोर्स दरकिनार नोटिस का जवाब न देने पर 1 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीआईओएस राजीव कुमार सिंह ने स्कूल प्रबंधन पर की कार्रवाई
- आठ अप्रैल को किया था निरीक्षण स्कूल में मिली कोर्स की दुकान

**अमृत विचार** : एक निजी स्कूल में एनसीईआरटी को दरकिनार करते हुए निजी पब्लिकेशन चलाने के मामले में डीआईओएस की ओर से की गई छापेमारी और डीएम की सख्ती के बाद एक्शन लिया गया। स्कूल संचालक द्वारा नोटिस का संतोषजनक जवाब न देने पर डीआईओएस की ओर से स्कूल प्रबंधन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। स्पष्ट चेतावनी दी है कि सात दिन के भीतर जुर्माने की राशि जमा नहीं की गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इधर, बुधवार को अन्य स्कूलों में भी छापेमारी की गई।

एक अप्रैल को सभी स्कूलों में शैक्षिक सत्र शुरू होने के बाद कोर्स को लेकर मारामारी मची थी। अभिभावकों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई थी। स्कूल वाले एनसीईआरटी को दरकिनार करते हुए कमीशन के चलते निजी पब्लिकेशन चल रहे हैं। शिकायत के बाद डीआईओएस राजीव कुमार सिंह ने कमेटी तैयार की थी। तभी इसके बाद सात अप्रैल को एक निजी स्कूल में कोर्स बेचने और निजी पब्लिकेशन चलाने की सूचना दी गई थी।

आठ अप्रैल को स्वयं डीआईओएस राजीव कुमार सिंह टीम के साथ स्कूल में छापा मारा था। जांच के दौरान सामने आया कि कक्षा एक, दो, तीन समेत अन्य कक्षाओं की किताबें निर्धारित मानकों से अधिक कीमत पर बेची जा रही हैं। साथ ही यह भी पाया गया कि स्कूल में एनसीईआरटी के स्थान पर निजी पब्लिकेशन की किताबें पाई गई। इतना ही नहीं स्कूल में से ही सीधे अभिभावकों को कोर्स बिक्री किया जा रहा था। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर डीआईओएस ने स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य को नोटिस देते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया था। उन्हें सात दिन के भीतर जवाब न देने के मामले में डीआईओएस ने स्कूल प्रबंधक पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

उन्होंने स्कूल जिम्मेदारों को सात दिन के भीतर जमा करने के निर्देश दिए हैं। डीआईओएस राजीव कुमार ने बताया कि छापामारी में स्कूल में ही किताबें बिक्री करने का स्टॉल मिला था। इसी को लेकर नोटिस देते हुए जवाब मांगा गया था। जवाब न देने पर उनके ऊपर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही सात दिन के भीतर जमा करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा अन्य स्कूलों में चेकिंग की जाएगी।

# जिले में हरियाली के लिए रोपे जाएंगे 33.05 लाख पौधे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार**: धरती पर हरियाली बढ़ाने के लिए इस वर्ष जनपद को 33,05,217 पौधे रोपने का लक्ष्य दिया गया है। वन विभाग सहित 28 अन्य विभागों को विभागवार लक्ष्य भी आवंटित किया गया है। सभी विभाग लक्ष्य के सापेक्ष आगामी दिनों में पौधों का रोपण करेंगे। हालांकि पिछले साल की अपेक्षा इस बार 644983 कम पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है।

हरियाली को बढ़ावा देने के लिए हर साल ही जिले में अभियान चलाकर पौधरोपण किया जाता है। यह दीगर बात यह है कि जनपद में जिस रफ्तार से एक विशेष दिन तय कर जनप्रतिनिधियों-अफसरों द्वारा पौधरोपण किया जाता है, उतनी हरियाली देखने को नहीं मिलती है। इधर शासन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पौधरोपण का लक्ष्य तय कर दिया गया है। इस बार जनपद को 33,05,217 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। पौधरोपण अभियान को सफल बनाने के लिए 28 विभागों को अलग-अलग लक्ष्य आवंटित किया गया है। इस बार वन विभाग 1.15 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। पौधरोपण के लिए 21 नर्सरी में पौध तैयार की जा रही है। वन एवं वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ भरत कुमार डीके के मुताबिक जिन 28 विभागों को पौधरोपण की जिम्मेदारी दी है।




- विभागवार लक्ष्य आवंटित, सामाजिक वानिकी प्रभाग की 21 नर्सरी में तैयार हो रही 58 लाख पौध

### जिले में गत वर्ष 39.50 पौधे लगाने का मिला था लक्ष्य

गत वर्ष शासन द्वारा जनपद को 36,61,700 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें बाद में 2.88 लाख पौध का इजाफा करते हुए इसे 39,50,200 कर दिया गया था। यह दीगर बात है कि देखभाल न होने के कारण कुछ पौधों का नामोनिशान ही मिट चुका है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार 644983 कम पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है।

### विभागवार दिए गए लक्ष्य की स्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| वन विभाग- | 115000 | सहकारिता विभाग- | 8820 |
| पर्यावरण विभाग- | 116000 | उद्योग विभाग- | 17000 |
| ग्राम्य विकास विभाग- | 1770517 | ऊर्जा विभाग- | 6860 |
| राजस्व विभाग- | 167000 | माध्यमिक शिक्षा- | 12000 |
| पंचायती राज विभाग- | 203000 | बेसिक शिक्षा- | 20000 |
| आवास विकास विभाग- | 9000 | प्राविधिक शिक्षा- | 8000 |
| औद्योगिक विभाग- | 10000 | उच्च शिक्षा- | 31000 |
| नगर विकास- | 36000 | श्रम विभाग- | 5500 |
| लोक निर्माण विभाग- | 22000 | स्वास्थ्य विभाग- | 14000 |
| जल शक्ति विभाग- | 11000 | परिवहन विभाग- | 5200 |
| नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति- | 11000 | रेलवे- | 16000 |
| रेशम विभाग- | 23000 | रक्षा विभाग- | 9000 |
| कृषि विभाग- | 390000 | उद्यान विभाग- | 247000 |
| पशुपालन विभाग- | 9000 | गृह विभाग- | 12320 |

# छात्र की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप



- परिवार ने कार्रवाई की मांग को लेकर शव रखकर लगाया जाम

संवाददाता, दियोरियाकलां

**अमृत विचार**: ग्राम मधवापुर में एक छात्र की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिवार वालों ने मिठाई में जहर देकर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। शव रखकर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच कर रही है।

कोताली क्षेत्र के ग्राम मधवापुर के रहने वाले मनोज भारती किराना दुकान चलाते हैं। उनका पुत्र संदीप भारती (20) राजकीय डिग्री कॉलेज हेमपुर बिलसंडा में बीए का छात्र था। खाली समय में संदीप पिता के साथ दुकान पर बैठता था।



मृतक संदीप के परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

सोमवार रात उसकी तबीयत बिगड़ी और फिर परिवार वालों ने निजी चिकित्सक को दिखाया। मगर सुधार नहीं हुआ। इसी बीच युवक की मौत हो गई।

परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। कोतवाली पुलिस ने मामले की जानकारी की। परिजनों ने गांव के बाहर दियोरिया बीसलपुर मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। हत्या के आरोप लगाते हुए पुलिस से कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

पिता मनोज कुमार की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई। जिसमें उन्होंने बताया कि दस अप्रैल को संदीप की गांव के ही एक युवक से कहासुनी हो गई थी। इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई थी। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। इसी घटना की रंजिश में आरोप है कि 13 अप्रैल को आरोपी उनके पुत्र संदीप को अपने घर बुलाकर ले गया था। वहीं पर मिठाई में जहरीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया गया। ये बात वापस आकर पुत्र ने ही परिवार को बताई थी। एसओ गौतम सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# सड़क हादसों में चार लोग घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार**: विभिन्न स्थानों पर हुए सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। ग्राम सुधिया निवासी लालाराम के पुत्र विद्यासागर बाइक से बीसलपुर आ रहे थे। रास्ते में मधवापुर गांव के पास पहुंचते ही चार पहिया वाहन की चपेट में आकर घायल हो गए। ग्राम घुरीखास निवासी रामअसारे के पुत्र देवदत्त बाइक से घरेलू काम से बीसलपुर आ रहे थे। ग्राम अर्जुनपुर मोड़ पर बाइक स्लिप होने से घायल हो गए। ग्राम मुड़िया ताल्लुके पसगामा निवासी गुड्डू अपने गांव से बीसलपुर आ रहे थे। मानपुर गांव के पास बाइक स्लिप होने से घायल हो गए। इसके अलावा ग्राम खनंका उचसिया निवासी अरुण कुमार बीसलपुर काम निपटाकर जाते वक्त ग्राम चठिया सेवाराम के पास पहुंचते ही बाइक की टक्कर से घायल हो गए। सभी को अस्पताल भर्ती कराया गया है।

# बहन से छेड़छाड़, परिवार को घर में घुसकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- थाना गजरौला क्षेत्र की घटना, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार** : गांव के ही कुछ युवकों ने युवती के साथ छेड़छाड़ की। जब भाई को पता चला तो उसने विरोध किया तो आरोपियों ने घर में घुसकर भाई और परिजन की पिटाई कर दी। आरोप है कि आरोपी 4 साल से उसकी बहन को परेशान कर रहे हैं। गजरौला पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना गजरौला क्षेत्र के रहने वाले युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी कासिम पुत्र मुन्ने खां पिछले करीब चार वर्षों से उसकी बहन को परेशान कर रहा था। आरोप है कि वह आए दिन उसका हाथ पकड़कर खींचता और छेड़छाड़ करता था। कई बार विरोध करने और समझाने के बावजूद आरोपी हरकतों से बाज नहीं आया। 11 अप्रैल को भी आरोपी ने छेड़छाड़ कर दी। जब विरोध किया तो आरोपी कासिम शाम करीब साढ़े तीन बजे अपने भाई आसिफ, शारिक और सोहिल के साथ घर में घुस आया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए परिवार वालों के साथ मारपीट की और बहन के साथ दुर्व्यवहार किया। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी, जिससे परिवार में दहशत है। एसओ गजरौला ब्रजवीर सिंह ने बताया कि मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गिरवी जेवर लौटाने से मुकरा दुकानदार

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना गजरौला कलां क्षेत्र की रहने वाली नेहा देवी पत्नी सत्यदेव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने गांव के दुष्यन्त कुमार के पास अपने सोने-चांदी के जेवर गिरवी रखे थे। इन जेवरों में सोने के पेंडल, नथ-बेसर के साथ करीब 150 ग्राम चांदी की पायल शामिल थी। आरोप है कि वह पिछले दो-तीन साल से अपना जेवर वापस लेने के लिए लगातार दुकानदार के चक्कर लगा रही थीं। हर बार उसे बहाने बनाकर टाल दिया जाता रहा। मामले की शिकायत पहले भी थाने में की गई थी, जहां 25 जनवरी 2026 को समझौते के दौरान आरोपी ने जेवर लौटाने का भरोसा दिलाया था। इसके बावजूद दुकानदार ने अपना वादा पूरा नहीं किया और जेवर वापस नहीं किए। एसओ गजरौला ब्रजवीर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# कटना नदी की बहेगी अविरल धार, पुनरुद्धार के लिए कार्य शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- मरौरी ब्लॉक के गांवों में ब्लॉक प्रमुख व डीएम ने पूजन कर किया आरंभ
- डीएम बोले- बंगाली समुदाय को जल्द मिलेगा जमीन का मालिकाना हक

**अमृत विचार**: जिले में जल संरक्षण और पर्यावरण सुधार की दिशा में मंगलवार को एक बड़ा कदम उठाया गया। शासन से मंजूरी के बाद ब्लाक प्रमुख मरौरी एवं डीएम ने कटना नदी के पुनरुद्वार कार्य का पूजन कर आरंभ किया। डीएम ने लोगों से इस महायोगदान में योगदान देने की अपील की। डीएम ने बंगाली समुदाय के लिए एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि दशकों का इंतजार अब खत्म होने वाला है और विस्थापित बंगाली समाज का जल्द ही भूमि का भौमिक अधिकार प्रदान किया जाएगा।

विलुप्त होती जा रही नदियों के पुनरोद्धार के लिए सरकार की ओर से प्रयास जारी हैं। करीब दो माह पूर्व शासन द्वारा जनपद की कटना नदी के पुनरोद्धार को मंजूरी दी गई थी। इसी कड़ी में मंगलवार को कटना नदी के पुनरोद्धार का कार्य शुरू हो गया। मरौरी ब्लाक की ग्राम पंचायत कंजा हरैया व अजीतपुर पटपरा में ब्लाक प्रमुख सभ्यता वर्मा व डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने नदी के पुनरुद्धार का कार्य पूजन कर आरंभ किया।

पूजन के बाद ब्लॉक प्रमुख और डीएम ने फावड़ा चलाकर कार्य की शुरुआत की। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि नदियों का पुनरुद्धार न केवल भूगर्भ जल स्तर को सुधारने में सहायक होगा, बल्कि स्थानीय किसानों और वन्यजीवों के लिए भी वरदान साबित होगा। उन्होंने ग्रामीणों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर श्रमदान करने की अपील की। वहीं डीएम ने कहा कि विकासखंड मरौरी के लिए यह एक गौरवशाली क्षण है कि हम अपनी प्राकृतिक धरोहर को सहेजने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस अभियान में अपना योगदान ज़रूर दें, ताकि नदी को पुनर्जीवित कर सौ वर्ष पूर्व की स्थिति में ले आएं। इस दौरान डीएम ने बंगाली समुदाय के लिए एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि दशकों का इंतजार अब खत्म होने वाला है और विस्थापित बंगाली समाज जल्द ही भूमि का भौमिक अधिकार प्रदान किया जाएगा।

कहा कि इसको लेकर सरकार की तरफ़ से अध्यादेश जारी हो गया है। अब बस तहसील स्तर से कार्यवाही पूरी कर पट्टा वितरण किया जाना है। उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन की जानकारी देते कहा कि मुख्यमंत्री भी क्षेत्र में बहुत जल्दी आने वाले हैं। उन्होंने लोगों से मुख्यमंत्री को जोरदार ढंग से स्वागत करने की भी बात कही।

### नदी को मिलेगा 100 साल पुराना स्वरूप

जिला प्रशासन ने कटना नदी को उसके सौ साल पुराने स्वरूप में लाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए नदी के गहरीकरण और सफाई का विस्तृत खाका तैयार किया गया है। इस दौरान डीएम समेत अन्य अफसरों ने शुरू हुए कार्यों का जायजा लिया और संबंधितों को दिशा निर्देश दिए। इस मौके में राजेंद्र कुमार श्रीवास, एडीएम वित्त प्रसून द्विवेदी, एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, डीसी मनरेगा हेमंत यादव समेत अन्य अफसर व कर्मचारी मौजूद रहे।



पुनरोद्धार कार्य का पूजन कर आरंभ करतीं ब्लाक प्रमुख सभ्यता देवी व डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।

# कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार** : पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम सबलपुर खास निवासी चन्द्रावती पत्नी स्वर्गीय हरिबाबू की ओर से गजरौला पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की। जिसमें पीड़िता ने बताया कि उनके पुत्र राजेश कुमार के साथ 16 मार्च 2023 को जमीन का इकरारनामा किया गया था। आरोप है कि उस समय विनय गुप्ता पुत्र राममूर्ति लाल गुप्ता निवासी मोहल्ला चौक, पूरनपुर ने चार लाख रुपये चेक के माध्यम से देने की बात कही थी। इकरारनामे में चेक संख्या भी अंकित कराई गई थी, लेकिन इन चेक का भुगतान किसी भी बैंक से नहीं हुआ। आरोप है कि इकरारनामे के समय उनके पुत्र को शराब पिलाकर रजिस्टर्ड दस्तावेज तैयार कराए गए, जिससे पूरा मामला संदिग्ध हो गया। कोर्ट के आदेश पर गजरौला पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाजपाइयों ने बाबा साहब को किया नमन



**लखीमपुर खीरी।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता के नेतृत्व और सदर विधायक योगेश वर्मा की मौजूदगी में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही विभिन्न स्थानों पर श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान बाबा साहब की प्रतिमाओं एवं चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने संविधान की रक्षा एवं उसके आदर्शों का पालन करने का संकल्प दिलाया। इसके अलावा नगर के कमलापुर स्थित अंबेडकर इंटर कॉलेज में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष आशू मिश्रा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। भाजपा ने जिले के सभी मंडलों, विधानसभाओं और बूथ स्तर पर भी जयंती समारोह आयोजित किए गए। हर स्थान पर कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, किरण अग्रवाल, रश्मि गुप्ता, राजू अग्रवाल, नगर अध्यक्ष देवदत्त चढ़ा, जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्र, अंकित अवस्थी, गंगाराम राजपूत, एडवोकेट राजेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।



खीरी टाउन में कार्यक्रम में मौजूद सपाई। ● अमृत विचार



सुरेश सौरभ को सम्मानित करते सदर विधायक योगेश वर्मा व अन्य।



मझगई में माल्यार्पण करते गंगा बेहड़ ग्राम पंचायत के प्रधानपति रोशन लाल। ● अमृत विचार

# बाबा साहब आंबेडकर की जयंती पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## कलेक्ट्रेट में अधिकारी-कर्मचारियों ने अर्पित की पुष्पांजलि, डीएम ने किया माल्यार्पण, डॉ. आंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव आम्बेडकर की जयंती पर जिले में श्रद्धा, सम्मान और संकल्प का अनुपम दृश्य देखने को मिला। मंगलवार को जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी ने सहभागिता कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा सहित सभी राजनीतिक दलों ने भी कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब की जयंती मनाई।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम न्यायिक ब्रजपाल सिंह, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, अर्चना ओझा, शुभेंदु शेखर, डिप्टी आरएमओ नमन पांडेय, सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह, प्रशासनिक अधिकारी (कलेक्ट्रेट) सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्यजन ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सभी ने डॉ. आंबेडकर के विचारों को याद करते हुए उनके योगदान को नमन किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। वक्ताओं ने बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने और सामाजिक समरसता के उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डॉ. आंबेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व के बारे में बताया। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि डॉ. आंबेडकर सिर्फ संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के सशक्त प्रहरी थे।

प्रदेश व्यापी कार्यक्रम के तहत तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर कांग्रेसजनों द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सबसे पहले भारत भूषण कॉलोनी स्थित कैंप कार्यालय, गोला गोकर्णनाथ में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में एक गोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों पर प्रकाश डाला। सभी ने उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प भी लिया।

गोष्ठी में प्रदेश महासचिव (पिछड़ा वर्ग विभाग) रामकुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रेम कुमार वर्मा, अजय शुक्ला, तरनजीत सिंह, सगीर अहमद, हिमांशु पटेल आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे। लखीमपुर समाजिक समरसता मंच ने बाबा साहब की जयंती समारोह पूर्वक जिला पंचायत सभागार में हर्ष और उल्लास से मनाई । जिसमें प्रबुद्ध वक्ता, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। साहित्यकार सुरेश सौरभ को सदर विधायक योगेश वर्मा ने अंबेडकर रत्न से सम्मानित किया।

**खीरी टाउन।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने

- **भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा सहित राजनीतिक दलों ने मनाई जयंती**

जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सोहराब गौरी द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने डॉ.अंबेडकर के विचारों को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया ।सोहराब गौरी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने देश को एक मजबूत संविधान प्रदान कर सामाजिक समरसता और समानता की नींव रखी, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा।

**रजागंज।** रजागंज क्षेत्र के करनपुर, मुर्तिहा, उद्यानपुर, मुड़िया, रमुवापुर, चिंतापुरवा, खम्हौल, बक्खरी, सौठन, रामपुर गोकुल, बहेरवा, अमकोटवा, सियाथू, बैकुंठा, खजुहा सहित कई गांवों में बाबा साहब के अनुयायियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर जय भीम के उद्घोष के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक रैलियां निकालीं। कार्यक्रम में लाला राम, ऋषिकांत गौतम, राघवेन्द्र गौतम, हीरालाल, बृजलाल, शिवपाल, संजय वर्मा, एहतिशाम खां, सज्जन, विजय कुमार, विश्राम सागर गुप्ता, दाताराम भार्गव, तारा चंद, अशरफ अली, राजेश वर्मा, संजय गौतम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**मझगई।** क्षेत्र के सलीमाबाद, मुन्नापुरवा, गंगा बेहड़, मोतीपुरवा, बम्हनपुर, खैरहनी सहित कई गांवों में भी रैलियां निकाली गईं। लोगों ने जुलूस के माध्यम से सामाजिक समरसता और संविधान की रक्षा का संदेश दिया। इस दौरान सपा प्रदेश सचिव व पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा ने सकटूपुरवा व पिरथीपुरवा गांवों में पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार भंडारी, सोमेश्वर मौर्य, विनोद, मनोज वर्मा, सुमित समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

**संपूर्णानगर।** क्षेत्र में भी अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। बसही, खजुरिया, कमलापुर, कृष्णा नगर और मुरारखेड़ा सहित कई गांवों से निकली विशाल जन चेतना यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। सम्पूर्णनगर में अनुसूचित जाति कल्याण सेवक समिति के तत्वावधान में स्टॉल लगाकर यात्रियों का स्वागत किया गया और खिचड़ी व हलुआ प्रसाद वितरित किया गया। जन चेतना यात्रा के आयोजक शैलेश भारती, ब्रजराज और युधिष्ठिर के नेतृत्व में निकली यह यात्रा संपूर्ण नगर से होते हुए मुरारखेड़ा और रानीनगर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी कृष्ण कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



संपूर्णानगर में शर्बत का वितरण करते लोग। ● अमृत विचार



कलेक्ट्रेट में माल्यार्पण के बाद बाबा साहब को नमन करतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल।



गोला में गोष्ठी के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल। ● अमृत विचार

### युवाओं ने निकाली बाइक रैली

**केशवापुर।** कस्बे के निकटवर्ती गांवों भल्लिया बुजुर्ग, पीतपुर, कोरैया, जमालपुर, बख्खारी, बहारगंज, खम्हौल सहित कई गांवों में डॉ.. भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। जमालपुर में किसान नेता अंजनी कुमार दीक्षित और ग्रामीणों ने कोरैया में श्याम कुमार, आदेश कुमार, नीरज प्रकाश मिश्रा, राकेश मिश्रा, कीरत सागर पांडे, जयराम आदि ने माल्यार्पण किया। सैकड़ों की संख्या में बाबा साहब के अनुयाई युवाओं ने जमालपुर आम्बेडकर पार्क से बाइकरैली निकाली, जो क्षेत्र के गांवों से होते हुए वापस जमालपुर आंबेडकर पार्क पहुंचकर समापन हुआ। बाइक रैली में संजय, संजीत बहादुर, पंकज, कुलदीप, रामखेलावन, आदेश, बलराम, सुनील, अनुराग, कुलजीत, अशोक, अनूप, रामचंद्र, हरिश्चंद्र, बैजनाथ, सुशील गौतम, कृष्णपाल, रामस्वरूप, विक्रम, नैमिष गौतम सहित सैकड़ो युवा नीला झंडा लेकर शामिल रहे।



कार्यक्रम में मौजूद बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार

## पलिया में धूमधाम से मनी बाबा साहब की जयंती



मोहल्ला ढाकिन में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण के दौरान मौजूद लोग।

**पलिया कलां।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती मंगलवार को पलिया नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में नागरिकों व वक्ताओं ने बाबा साहब के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके विचारों को साझा किया।

श्री रामलीला मेला मैदान में डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त वरिष्ठ न्यायमूर्ति एआर मसूदी ने बाबा साहब के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके आदर्शों और सामाजिक न्याय के लिए किए गए योगदान पर विस्तार से बताया। समिति के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता रामचन्द्र गौतम, धर्मराज शाक्य सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

उधर, नगर के मोहल्ला ढाकिन में भी बाबा साहब की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। पालिकाध्यक्ष लक्ष्मी देवी गुप्ता, समाजसेवी आलोक मिश्रा, सभासद रामासरे, दौलत राम, पूर्व सभासद जसपाल गहोनियां, उषा देवी आदि ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। उत्तर प्रदेश वनवासी सेवा संस्थान व गांव-गांव संचालित इंपैक्ट बालिका शिक्षा केंद्रों पर भी जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह और अमित कुमार चौबे ने मातृ शिक्षा कार्यक्रम के तहत 600 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।

वहीं, पलिया बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने भी बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने विचार व्यक्त किए। क्षेत्र के अंबेडकर नगर, पूरन पुरवा, घोला आदि गांवों से भी जयंती समारोह आयोजित किया गया।

# बाबा साहब के आदर्शों पर चलकर ही समाज में समानता और विकास संभव

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विभिन्न स्थानों पर माल्यार्पण, गोष्ठियों और बाइक रैलियों का आयोजन कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

गोला गोकर्णनाथ स्थित संत रविदास डॉ. बीआर अंबेडकर सेवा संस्थान में जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बुद्ध वंदना से हुई, जिसके बाद भव्य शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अंबेडकर प्रतिमा स्थल पहुंची, जहां अनुयायियों ने माल्यार्पण किया। संस्थान अध्यक्ष शिव भगवान की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि उनके विचारों पर चलकर ही समाज में समानता और विकास संभव है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू', पूर्व राज्य मंत्री सुर्जन लाल वर्मा, भाजपा नेता अशोक सक्सेना समेत कई वक्ताओं ने विचार रखे। संचालन विनोद गौतम ने किया। कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉ. रविंद्रनाथ वर्मा सहित शिक्षकों ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और सामाजिक न्याय के लिए किए गए योगदान पर प्रकाश डाला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को याद किया और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। लंदनपुर ग्रंट में युवा भाजपा नेता धर्मेंद्र गिरि 'मोंटी' के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली गई, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के माध्यम से समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का संदेश दिया गया। कांग्रेस के भारत भूषण कॉलोनी स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। प्रदेश महासचिव रामकुमार वर्मा, प्रेम कुमार वर्मा, अजय शुक्ला, तरनजीत सिंह, सगीर अहमद, हिमांशु पटेल, सुभाष चन्द्र शुक्ला, नगर अध्यक्ष अजीत जैन, कमलेश गुप्ता, योगेंद्र विक्रम पटेल, पुष्पेंद्र वर्मा, प्रदीप अर्कवंशी, नन्हे श्रीवास्तव, फकीर मूड़ा सवारान। डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर के जीवन और उनके संघर्षों पर प्रकाश डाला। विद्यालयों, सामाजिक संगठनों और सरकारी संस्थानों में भी जयंती पर छात्रों ने भाषण, कविता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उनके विचारों को प्रस्तुत किया। लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और समाज में समानता, भाईचारे को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

- **विधायक-अधिकारियों ने किया नमन, गोष्ठियां व शोभायात्राएं आयोजित**

**कुकरा।** अल्पसंख्यक जिला मंत्री इखलाक उर्फ मुन्ना खान, अखिल कुमार चौधरी ने निपनिया में आंबेडकर पार्क में स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर, महात्मा गौतम बुद्ध की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। मुन्ना खान ने सीएम योगी आदित्यनाथ के उस आदेश का भी बखान किया, जिसमें सीएम ने यूपी के प्रत्येक आंबेडकर पार्क को सौंदर्यीकरण में तब्दील कराने का ऐलान किया है। प्रधान संघ के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, विनोद कुमार, कुलदीप कुमार, रामकिशुन, धनीराम, मनोज कुमार, सेवाराम, फुरकानुद्दीन, रामप्रसाद सहित तमाम लोगों ने शिरकत की।

**बिलहरी।** अमृत विचारः ग्राम पंचायत जलालपुर और ग्राम पंचायत निजामपुर में दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि मैलानी चेयरमैन कीर्ति माहेश्वरी ने बाबा साहब के आदर्शों पर चलने के लिये प्रेरित किया। मिथलेश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष संजीव वर्मा, प्रमोद उर्फ शेरू वर्मा, रमन सोनी, सुमित अवस्थी, नामित सभासद शिव गोविंद कुशवाहा, खूबचंद, विशंभर दयाल, अमित शर्मा, करन शर्मा, त्रिभुवन वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पालिकाध्यक्ष।



कुकरा में बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण करते लोग।



गोला के बीआर आंबेडकर सेवा संस्थान में बोलते विधायक अमन गिरि।



लंदनपुर में बाइक रैली निकालते युवा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी।



जलालपुर में आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करतीं मैलानी पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी।



मूड़ा सवारान क्षेत्र के गांवों में रैली निकालते लोग।

## रमुआपुर में मनाई गई डॉ. अम्बेडकर जयंती



रमुआपुर में डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते पूर्व विधायक रामसरन।

**बिझौली।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर अम्बेडकर पार्क रमुआपुर में दुर्गेश की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। पूर्व विधायक रामसरन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेशचंद्र कनौजिया, प्रधान पति उमाशंकर ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। पूर्व विधायक रामसरन ने कहा कि बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगों को चलना चाहिए। महेशचन्द्र कनौजिया ने कहा कि बाबा साहब के जीवन दर्शन का लोग अध्ययन कर उनके विचारों से जरूर सीख लें। उमाशंकर गौतम ने कहा कि महापुरुषों के जीवन का अनुसरण करते हुए व्यक्ति को उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलकर देश, प्रदेश की तरक्की, खुशहाली के लिए अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए ।दुर्गेश कुमार, महेश गौतम, सुमित गौतम, शुभसेक मित्रा उर्फ छोटू, सुरेश कुमार, छोटेलाल, दिनेश गौतम, कौशल कुमार, योगेंद्र कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जिलेभर में जयंती की गूंज, ब्लॉकों और तहसीलों में भी आयोजन

डॉ. आंबेडकर की जयंती पर केवल जिला मुख्यालय ही नहीं, बल्कि जनपद की सभी तहसीलों व ब्लॉक मुख्यालयों पर भी विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन स्थलों पर भी बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके विचारों पर आधारित गोष्ठियों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

ISO 9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic

* पतले-दुबले
* गाल पिचके
* कमजोर स्त्री-पुरुष
* मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
19 अप्रैल 2026, रविवार
3 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर बही भोजपुरी बयार

## कार्यक्रम देखने-सुनने उमड़ी भीड़, अव्यवस्थाएं हावी, आगे बढ़ने की होड़ में युवाओं ने तोड़ीं कुर्सियां, मची अफरा-तफरी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ



भोजपुरी कार्यक्रम देखने के लिए मौजूद अतिथि और दर्शक। ● अमृत विचार



भोजपुरी गीत सुनातीं शिवानी सिंह।

**अमृत विचारः** छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती के सत्रहवें दिन सांस्कितक मंच पर भोजपुरी कार्यक्रम में उस समय अफरा तफरी मच गई, जब बैठने की जगह न मिलने पर आगे बढ़ने की होड़ में युवाओं ने दर्जनों कुर्सियां तोड़ डालीं। यह देख सुरक्षा व्यवस्था में लगी पुलिस के पसीने छूटने लगे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पालिकाध्यक्ष स्वयं भी व्यवस्थाएं संभालते और लोगों को बैठाने की व्यवस्था कराते दिखे। बिहार की शिवानी सिंह और उनके कलाकारों ने शमा बांध दी। दर्शक देर रात तक जमकर झूमते, गाते रहे।

चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर सोमवार शाम भोजपुरी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सीजीएन कॉलेज गोला विजय बाजपेयी, राजपाल सिंह, संजीव त्रिपाठी, सुभाष वर्मा, अरनीखाना गन्ना समिति अध्यक्ष अशोक अवस्थी आदि ने पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने भोजपुरी संगीत कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर किया। पालिकाध्यक्ष ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर पुष्प मालाओं से स्वागत करते हुए सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया।

नगर पालिकाध्यक्ष ने कार्यक्रम की शुरुआत से पहले नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों को माला पहनाकर, गिफ्ट देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि मेले में आया जनसैलाब पालिकाध्यक्ष की लोकप्रियता का प्रतीक है। उन्होंने मेले को बहुत सुंदर सजाया है।

कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह ने कहा कि गोला का ऐतिहासिक चैती मेला रिंकू शुक्ला के कार्यकाल में भव्य आयोजनों से लोगों को आकर्षित

- माटी को सोना करने वाली कलाकारी है, हां हम बिहारी हैं जी

कर रहा है। पालिकाध्यक्ष ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र जीवन के मित्रों के आगमन से मेला चौती का मंच धन्य हो गया। इसके लिए वह अतिथियों के हृदय से आभारी है।

कार्यक्रम की शुरुआत में यू ट्यूबर स्टार ख़ुशी वर्मा ने पवन सिंह के गीतों बनारस घुमइबा राजा जी, चूल्हा अगले जरी पतरे कमरिया पर धमाकेदार डांस कर दर्शको की खूब तालियां बटोरी। इस नृत्य के बाद युवाओं की भीड़ बेकाबू हो गई, मेला मैदान में लगाई गईं कुर्सियों पर जगह ने मिलने से युवा दर्शक दीर्घा में खड़े हो गये, जिससे आने जाने वालों को जगह नहीं बची। भीड़ की नजाकत देख पुलिस ने उन्हें संभालने का प्रयास किया तो दर्शक उग्र हो गये, पहले तो कुर्सियों पर चढ़ गये,, फिर पीछे के लोगों के टोकने पर गुस्से में लगभग 50 कुर्सियां तोड़ डालीं। यह देख पालिकाध्यक्ष और पुलिस नियंत्रित करने का प्रयास करती रही। पालिकाध्यक्ष ने स्वयं दर्शकों को बैठाने की व्यवस्था संभाली, लेकिन भीड़ की अधिकता में उनकी नहीं चली, जिससे अफरा तफरी का माहौल बन गया। मेले में लगी सारी पुलिस को मंच तक बुला लेने के बाद कुछ हालात काबू में आये।

बक्सर (बिहार) से आईं शिवानी सिंह ने तावा लेखा गरम रावा करी ना मिजाज के, काम नोकरानी वाला बात महाराज के, चुड़ी फुट जाई तहरा राजा जी के दिलवा टुट जाई, मेरे भारत का बच्चा बच्चा जय जय श्रीराम बोलेगा, कर्जा न कबो माई बाबू के भराई हो, ले ले अइहा सेंट गमकउआ राजा जी। मारी मारी के घुमाव पूरा गउवा राजा जी, रुसना करेजा करेजा, करेजा हमार फाटे, धनी हो सब धन तहरे उनुवारे, उठ जाय लहर अइसन हरद हवा राजा जी, तु मरद नाही मथा के दरद हवा राजा जी, माटी को सोना करने वाली कलाकारी है, हा हम बिहारी है जी, रामा पिया पिया रटते जियर भईली देहिया, ए रामा पिया हो भईले, पिया भईले गुलरी के फुलवा आदि भोजपुरी गीत, नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को नाचने, झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम का संचालन राजेश दीक्षित ने किया। आर्गन पर पंकज, ढोलक पर गांधी, बैंजो पर रंजीत, पैड पर सोनू, तबला पर रत्नेश मिश्रा बिहार ने साथ दिया।

### पालिका अध्यक्ष ने भी संभाली व्यवस्था

भोजपुरी संगीत एवं नृत्य कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर पूरे माहौल को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया। उनके प्रदर्शन पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं और देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लिया। उमड़ी भीड़ को देखते हुए पालिकाध्यक्ष भी व्यवस्थाओं को संभालते और बैठने की व्यवस्था कराते हुए नजर आए।

### कुल हिंद मुशायरा आज

छोटी काशी के ऐतिहासिक चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर 15 अप्रैल बुधवार को सायं सात बजे से होने वाले कुलहिंद मुशायरा के संयोजक मधुकर शेदाई ने बताया कि मुशायरा में भोपाल के जनाब मंजर भोपाली, मुजफ्फरनगर के खुर्शीद हैदर, कोटा राजस्थान के कुंवर जावेद, अलीगढ़ की मुमताज नसीम, लखनऊ की सबा बलरामपुरी, सीतापुर की अलीशा खान, बदायूं के हिलाल बदायूंनी, मऊ के सलमान घोसवी, रुड़की उत्तराखंड के सज्जाद झंझट और देवबंद के जहाज देवबंदी मुशायरा में शिरकत करेंगे।

# रिवॉल्वर लेकर घर में घुसे युवकों ने महिला से की हाथापाई

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** शहर में दिनदहाड़े घर में घुसकर रिवाल्वर के बल पर धमकाने और महिला से हाथापाई करने का दो युवकों पर आरोप है। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शांति नगर गढ़ी रोड निवासी अनुराधा तिवारी ने बताया कि दोपहर 2 बजे गौरव मिश्रा नाम का व्यक्ति अपने एक अज्ञात साथी के साथ उसके घर में घुस आया। आरोप है कि दोनों के हाथ में रिवॉल्वर थी और उन्होंने उसके पति को बार-बार जान से मारने की धमकी दी। जब उसने घटना का वीडियो बनाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसका मोबाइल छीनकर फेंक दिया। इतना ही नहीं, महिला के साथ अभद्रता करते हुए हाथापाई भी की। इस दौरान घर में मौजूद बच्चे डर के मारे रोने-चिल्लाने लगे। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग आ गए, जिस पर जाते-जाते हमलावरों ने धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की गई तो अगली बार जान से मार देंगे। घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवकों की पहचान की जा रही है। जल्द ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बंटवारे के विवाद में बहू से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** थाना फरधान क्षेत्र के ग्राम गुलचौरा निवासी ममता देवी पत्नी रोहित कुमार ने बताया कि सोमवार को उसके ससुर उमाशंकर ने हिस्से के विवाद को लेकर गाली-गलौज करते हुए लात-घूसों से मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि इससे पहले भी कई बार उसके साथ मारपीट की जा चुकी है। पीड़िता के पिता और भाई मौके पर पहुंचे, तो आरोप है कि उमाशंकर के साथ राजू और विशाल भी वहां आ गए और गाली-गलौज करते हुए मारने दौड़े। साथ ही आरोपियों ने हिस्सा न देने और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नाला खोदकर छोड़ दिया मलबा, दुकानदार परेशान

संवाददाता, पलिया कलां



सड़क किनारे केबिल बिछाने के बाद छोड़ा गया नाले का मलबा और मिट्टी।

**अमृत विचारः** नगर में दुधवा तिराहे से सिनेमा चौराहे तक चल रहे केबिल बिछाने के कार्य ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सड़क किनारे नाला खोदकर केबिल तो डाल दी गई, लेकिन इसके बाद न तो खुदाई को ठीक से पाटा गया और न ही खड़ंजा लगाया गया। परिणामस्वरूप सड़क किनारे छोड़ा गया मलबा और मिट्टी अब दुकानदारों व राहगीरों के लिए बड़ी समस्या बन गई है।

हालात यह हैं कि सड़क के एक ओर काम अधूरा छोड़कर दूसरी तरफ खुदाई शुरू कर दी गई है, जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सड़क किनारे रहने वाले लोगों के साथ-साथ दुकानदारों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर फल, ठेला, रेडीमेड और खाद्य सामग्री बेचने वाले छोटे दुकानदारों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। स्थानीय निवासी अरुण तिवारी, सुरेश कुमार, आफताब आलम, महेश कुमार और सुखजीत सिंह ने बताया कि जेसीबी से नाला खोदने के बाद केबिल डालकर उसे यूं ही छोड़ दिया गया है।

कई जगह घरों और दुकानों के रास्ते तक बाधित हो गए हैं, लेकिन न तो लोक निर्माण विभाग और न ही विद्युत विभाग इस ओर ध्यान दे

- केबिल डालने के बाद नहीं भरे गड्ढे, आवागमन बाधित
- दुकानदार खुद हटवा रहे मिट्टी लापरवाही पर नाराजगी

रहा है। दुकानदार मजबूरी में अपनी जेब से मजदूर लगाकर दुकान के सामने से मिट्टी हटवा रहे हैं। लोगों का कहना है कि आखिर इस मलबे को हटाने की जिम्मेदारी किसकी है। इन अव्यवस्थाओं के चलते नागरिकों को भारी असुविधा हो रही है। आने वाले दिनों में तेज गर्मी और धूल भरी हवाएं हालात को और बिगाड़ सकती हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ने की आशंका है। नागरिकों ने प्रशासन से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# उम्मीदों का पर्व बना जन जागृति संस्था का वार्षिकोत्सव



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिला पंचायत सभागार में जन जागृति सामाजिक संस्था का वार्षिकोत्सव उम्मीदों का पर्व के रूप में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज सेवा, जागरूकता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सुंदर संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि गोपाल शर्मा भूतपूर्व मुख्य चयनकर्ता, बीसीसीआई, डॉ. निर्मला उपाध्याय प्रोफेसर, लखनऊ विश्वविद्यालय, मेजर मनोज कुमार शर्मा, मुख्य संरक्षक सेवक सिंह अजमानी और संस्था अध्यक्ष विपिन कुमार भारद्वाज ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके बाद शेखर म्यूजिकल ग्रुप ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

मुख्य अतिथि गोपाल शर्मा ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक प्रयास समाज में

- समाज सेवा, जागरूकता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का दिखा संगम

सकारात्मक बदलाव लाते हैं और इन्हें निरंतर जारी रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि डॉ. निर्मला उपाध्याय और मेजर मनोज कुमार शर्मा ने भी संस्था की गतिविधियों को प्रेरणादायक बताया। संस्था के महामंत्री सरोज शर्मा ने वर्षभर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। सचिव डॉ. प्रदीप कुमार निगम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए नवगठित जिला कार्यकारिणी का परिचय कराया और सदस्यों को शपथ दिलाई। जिलाध्यक्ष आलोक रस्तोगी ने संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। गोल्डन स्क्वायर स्कूल और मूक-बधिर विद्यालय के बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। शेखर म्यूजिकल ग्रुप की प्रस्तुति पर पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर डॉ. सुभाष चंद्रा ने किया।

# निरक्षरों को सिखाया जाएगा पढ़ना-लिखना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले में अशिक्षा के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू होने जा रहा है। निरक्षर लोगों को पढ़ना-लिखना सिखाने के लिए विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस अभियान में शिक्षामित्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रत्येक वालंटियर को कम से कम पांच निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य दिया गया है।

जिले में बड़ी संख्या में शिक्षामित्र

- शिक्षामित्र, आंगनबाड़ी और स्वयं सहायता समूह को दी जिम्मेदारी

और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कार्यरत हैं, जिनके साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी जुड़ी हैं। सभी को अभियान से जोड़कर इसे जनआंदोलन बनाने की तैयारी है। शासन के निर्देश पर अब निरक्षरों की पहचान का काम शुरू किया जाएगा। उल्लास-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 15 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाएगा, जिन्हें पढ़ना-लिखना या सामान्य गणना का ज्ञान नहीं है। इसके लिए संबंधित कर्मियों का पंजीकरण पोर्टल पर कराया जाएगा।

अभियान को प्रभावी बनाने के लिए विद्यालयों में रैली, पोस्टर, बैनर और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता फैलाई जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों को भी वालंटियर के रूप में जोड़ा जाएगा, जो आसपास के निरक्षरों को चिन्हित कर उन्हें साक्षर बनाने में सहयोग करेंगे। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अभियान को तेजी से लागू किया जा रहा है और सभी को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# राज्यपाल द्वारा नामित सभासद आज लेंगे शपथ

**भीरा, अमृत विचारः** नगर पंचायत भीरा में लंबे समय से चल रही अनियमितताओं और कथित भ्रष्टाचार के बीच अब बदलाव की आहट सुनाई देने लगी है। राज्यपाल द्वारा नामित सभासद राजकुमार अग्रवाल, नितिन अग्रवाल और वीरेन्द्र कुमार का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार यानी आज आयोजित होगा, जिससे स्थानीय स्तर पर नई उम्मीदें जागी हैं।

नगर पंचायत कार्यालय में होने वाले इस कार्यक्रम में एसडीएम न्यायिक पलिया तीनों सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बीते समय में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार, संसाधनों के दुरुपयोग और साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। अब आम जनता की निगाहें इन नए सभासदों पर टिकी हैं। फिलहाल शपथ ग्रहण से पहले ही चर्चा पूरे क्षेत्र में जोर पकड़ चुकी है।

# पुराना जमीन का विवाद बना बवाल की जड़, दो पक्ष आमने-सामने

- ग्राम समाज बनाम निजी स्वामित्व का टकराव, प्रतिमा स्थापना से भड़की हिंसा

बांकेगंज, संवाददाता



इस स्थान पर लगाई गई थी आंबेडकर प्रतिमा। ● अमृत विचार



अफसरों से हालातों की जानकारी लेतीं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी डॉ. ख्याति गर्ग।



उपद्रवियों द्वारा क्षतिग्रस्त की गई पलटी पड़ी कार।

**अमृत विचारः** मोतीपुर गांव में हुए हिंसक बवाल की असली वजह जमीन को लेकर चला आ रहा पुराना विवाद है, जो आंबेडकर जयंती के दिन अचानक विस्फोटक रूप में सामने आ गया। वर्षों से विवादित इस भूमि पर स्वामित्व को लेकर दो पक्षों के बीच तनातनी पहले से थी, लेकिन प्रतिमा स्थापना की घटना ने इसे गंभीर टकराव में बदल दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की गई, वह ग्राम समाज की खाद गड्ढा भूमि है। इस जमीन का उपयोग लंबे समय से सामुदायिक कार्यों के लिए होता रहा है और पूरे गांव का उस पर अधिकार माना जाता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि गांव की सहमति से ही वहां प्रतिमा स्थापित कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी गई थी। इसके विपरीत दूसरे पक्ष की चंदा देवी का दावा है कि खाद गड्ढे के पीछे स्थित भूमि का उनके भतीजे ने विधिवत बैनामा कराया है और वह कानूनी रूप से उनकी निजी संपत्ति है।

उनका कहना है कि पिछले तीन महीनों से वे उस जमीन पर कब्जा लेकर निर्माण कार्य शुरू करना चाह रहे थे, लेकिन ग्रामीणों के विरोध के कारण ऐसा नहीं हो सका। इस संबंध में उन्होंने पहले ही पुलिस प्रशासन को लिखित प्रार्थना पत्र देकर मदद की मांग की थी। 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती के अवसर पर गांव में पहले से ही बड़ी संख्या में लोग जुटे हुए थे। इसी दौरान जब विवादित स्थल पर प्रतिमा स्थापित की गई, तो माहौल और अधिक संवेदनशील हो गया।

पुलिस ने जमीन को विवादित बताते हुए प्रतिमा हटवाने की कार्रवाई की। प्रतिमा हटाए जाने से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश फैल गया। लोगों का आरोप है कि पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए उनकी आस्था को ठेस पहुंचाई, जबकि दूसरा पक्ष इसे कानून के अनुरूप कदम बता रहा है। इसी को लेकर दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस शुरू हुई, जो धीरे-धीरे उग्र झड़प में बदल गई। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी होने लगी।

पुलिस को हालात संभालने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा, जिससे कई लोग घायल हुए। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि संबंधित जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए किसी भी पक्ष को वहां निर्माण कार्य या स्थायी कब्जा करने की अनुमति नहीं है। बावजूद इसके दोनों पक्ष अपने-अपने दावे पर अड़े हुए हैं, जिससे तनाव बना हुआ है। फिलहाल गांव में भारी पुलिस बल तैनात है और प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मौर्य ने बताया कि जमीन विवादित है और मामले के निस्तारण तक दोनों पक्षों को यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद प्रतिमा रखे जाने पर उसे हटाया गया। महिला पक्ष को भी निर्माण कार्य से रोका गया था।

### आगजनी-पथराव से घरों में कैद हुए लोग

पुलिस के साथ मारपीट, तोड़फोड़ आगजनी की घटना से गांव में दहशत फैल गई। उपद्रवियों ने करीब पौन घंटे तक जमकर उपद्रव किया। जो वाहन मिला उसमें तोड़फोड़ की। इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोग उपद्रवी घरों में न घुस जाएं और आगजनी जैसी बड़ी वारदात को अंजाम दे दें। इसको लेकर ग्रामीण दहशत में रहे। ग्रामीणों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए और छतों पर खड़े होकर हालातों पर नजर बनाए रहे। बताया जा रहा है कि जिले के सभी थानों और चौकियों की पुलिस के साथ जब पीएसी मौके पर पहुंची और लाठीचार्ज किया तब जाकर उपद्रवी मौके से भागे। तब जाकर पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया।

### बूटों की धमक से गूंजा मोतीपुर

आगजनी, पथराव की घटना के बाद बड़ी संख्या में गांव में पीएसी और पुलिस बल को तैनात किया गया है। इससे गांव छावनी में तब्दील हो गया। रात के सन्नाटे में जवानों के बूटों की धमक से गांव के लोग पूरी रात दहशत में रहे। उन्हें डर सता रहा था कि ऐसा न हो कि पुलिस उनके घरों पर दबिश देकर किसी निर्दोष को उठा ले जाए। भारी पुलिस बल के कारण गांव में कर्फ्यू जैसे हालात बने हुए हैं। लोग घरों में ही कैद हैं और बाहर नहीं निकल रहे हैं।

### सपा ने एक्स पर उठाए सवाल

**लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी ने अपने एक्स हैंडल पर बांकेगंज की घटना को लेकर कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। कहा गया है कि यह घटना भाजपा सरकार में प्रशासनिक विफलता है। सुनियोजित रूप से भाजपाइयों द्वारा बाबा साहब की मूर्ति तथा उनके सम्मान के खिलाफ भाजपाइयों का अपमानजनक कृत्य है। विभिन्न जिलों में भाजपा के विधायकों और भाजपा नेताओं द्वारा बाबा साहब के अपमान की घटनाएं भी आज घटित हुई हैं, जो कि बेहद निंदनीय और शर्मनाक है। भाजपा का असली चेहरा बेनकाब हो गया है।

### पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की लापरवाही उजागर

गांव मोतीपुर में हुए बवाल, आगजनी, तोड़फोड़ के मामले ने जिले की कानून व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। वहीं पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के सिस्टम पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जाता है कि प्रतिमा स्थापित करने की योजना कई दिनों से बन रही थी। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस और थानाध्यक्ष मैलानी बृजेश कुमार मौर्य को नहीं थी। सूत्र बताते हैं कि पुलिस ने इस मामले को काफी हल्के में लिया। यदि पुलिस पहले से ही सतर्क हो जाती और मौके पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर सख्ती करती तो शायद बवाल टल सकता था, लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। खास बात यह है कि विवाद की आशंका को लेकर एक पक्ष ने पहले ही बांकेगंज पुलिस चौकी और थाना मैलानी पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। माना जा रहा है कि पुलिस समय से सतर्क हो जाती और कार्रवाई करती तो बांकेगंज हिंसा की आग में न जलता।

## न्यूज ब्रीफ

### घर के सामने से बाइक चोरी, दी तहरीर

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला तीर्थ के निकट नीलकंठ मैदान निवासी सत्यम वर्मा की बाइक सोमवार की रात घर के सामने से चोरी हो गई है। बाइक ले जाने की घटना की फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सत्यम वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मारपीट में चार के खिलाफ नामजद रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव बजीरनगर निवासी रीता देवी ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 12 अप्रैल रविवार की शाम गांव निवासी राजेंद्र, श्रीपाल, सुनील, सचिन ने एक राय होकर घर में घुस आए। गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जागरूकता रैली निकाली

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** मुख्य अग्निशमन अधिकारी कार्यालय परिसर में मंगलवार को अग्निशमन सेवा स्मृति पर 66 अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस परेड भी हुई। एएसपी पूर्वी पवन गौतम ने अग्निशमन कर्मियों के साथ मिलकर शहीद कर्मियों को श्रद्धांजलि दी और जागरूकता वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अक्षय रंजन शर्मा ने बताया कि सुबह आठ बजे परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह में घटित भीषण अग्निकांड में शहीद हुए 66 अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। एएसपी पूर्वी के अलावा अग्निशमन कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखा। उन्होंने दिवंगत अग्निशमन कर्मियों को याद करते हुए कहा कि अग्निशमन विभाग की ओर से मानवता के कल्याण के लिए दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

### ट्रेन से कटकर युवक की हुई मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** लखीमपुर-देवकली के बीच स्थित भंसड़िया क्रासिंग के निकट ललित कश्यप 19 की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर अनिल कुमार के मुताबिक सोमवार रात साढ़े आठ बजे के आस पास ट्रेन से युवक के कटने की खबर मिली तो मौके पर टीम पहुंची। बिखरे शव को कब्जे में लेते हुए ट्रैक खाली कराया गया। साथ ही कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद उपनिरीक्षक उमाशंकर गंगवार, गौरव कुमार संकटा देवी चौकी प्रभारी भी जांच को पहुंचे और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। रात करीब दस बजे शव की शिनाख्त हो सकी। मृतक के भाई अतुल कश्यप पुत्र बनारसी लाल कश्यप निवासी मोहल्ला सुभाष नगर ने शव की शिनाख्त की। घटना की वजह से ट्रेन संख्या 15010 करीब 10 मिनट और लखीमपुर से मैलानी जाने वाली पैसेंजर ट्रेन संख्या 55082 करीब 40 मिनट देरी से रवाना हुई।

### कटिया डालते करंट से झुलसे युवक की मौत

**निगोही, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम मोहरतला निवासी संजीव( 45) पुत्र सियराम की मंगलवार रात करीब 9 बजे 11 हजार की हाईटेंशन लाइन पर कटिया डालते समय करंट लगने से मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया कि संजीव रात के समय गांव में लाइन पर कटिया डाल रहा था, तभी वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे सीएचसी निगोही ले गए, जहां हालत गंभीर होने पर डॉ. ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां डॉ. ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# 1.60 लाख नेपाली मुद्रा के साथ युवक गिरफ्तार

संवाददाता, पलियाकलां

- बसही चौकी के पास संदिग्ध हालत में पकड़ा गया, बाइक भी जब्त

**अमृत विचारः** भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की 49वीं वाहिनी की बी' कंपनी बसही के जवानों ने एक संदिग्ध नेपाली नागरिक को 1.60 लाख नेपाली मुद्रा के साथ गिरफ्तार किया है।

बसही सीमा चौकी पर तैनात एसएसबी जवान मंगलवार को गश्त पर थे। इसी दौरान सीमा स्तंभ संख्या 769/16 के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में भारत से नेपाल की ओर बाइक से जाता दिखाई दिया। शक होने पर जवानों ने उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद बैग से 1.60 लाख नेपाली रुपये बरामद हुए। मामले की सूचना मिलते ही कंपनी कमांडर रामकुमार यादव मौके पर पहुंचे और युवक से पूछताछ की। पूछताछ में उसकी पहचान चक्र बहादुर बोगटी निवासी जिला कंचनपुर (नेपाल) के रूप में हुई। हालांकि बरामद नकदी के संबंध में वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका और न ही संतोषजनक जवाब दे पाया। एसएसबी ने बरामद नेपाली मुद्रा और घटना में प्रयुक्त बाइक को जब्त कर लिया है। कंपनी कमांडर ने बताया कि सीमा पर अवैध गतिविधियों और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए एसएसबी लगातार सतर्क है। गिरफ्तार आरोपी और बरामद मुद्रा को कस्टम सुपरिटेंडेंट पलिया को सौंप दिया गया है।

### बदमाशों ने चोरी के दौरान तकनीकी उपकरण उखाड़े, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

# एटीएम में तोड़फोड़ कर हार्ड डिस्क चोरी, कैश सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शहर में गोला रेलवे क्रासिंग के निकट स्थित एक एटीएम पर चोरों ने कैश चोरी करने का प्रयास किया। असफल रहने पर एटीएम मशीन को क्षतिग्रस्त कर हार्ड डिस्क समेत कई तकनीकी उपकरण उखाड़ लिए, जिससे बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि पुलिस ने इंडिया वन एटीएम कंपनी के कर्मचारी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच तेज कर दी है। वारदात के बाद पुलिस के हाथ अब तक कोई ठोस सुराग नहीं लग पाया है।

घटना 3 अप्रैल की दोपहर करीब 1:30 बजे की है। कंपनी के कर्मचारी अमृतपाल सिंह जब एटीएम में कैश लोड करने पहुंचे तो मशीन की हालत देख उनके होश उड़ गए। एटीएम का हेड असेंबली पूरी तरह क्षतिग्रस्त था। एलसीडी टच स्क्रीन चकनाचूर, मदरबोर्ड उखड़ा हुआ और अंदर के कई अहम उपकरण टूटे हुए थे। सबसे बड़ा झटका तब लगा जब पता चला कि बदमाश एटीएम की हार्ड डिस्क भी निकाल ले गए हैं, जिसमें पूरी गतिविधियों की रिकॉर्डिंग रहती है। यानी शातिरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले ही यह तय कर लिया था कि वे पीछे कोई सबूत नहीं छोड़ेंगे। यही वजह है कि पुलिस के लिए आरोपियों तक पहुंचना अब चुनौती बन गया है। घटना की सूचना मिलते ही यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। अगले दिन कंपनी के इंजीनियर ने भी साइट का निरीक्षण किया और नुकसान का आकलन किया। राहत की बात यह रही कि एटीएम में रखा कैश सुरक्षित मिला, लेकिन मशीन को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचा है। लगातार बढ़ रही घटनाओं के बीच पुलिस गश्त की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठने लगे हैं। पुलिस ने इंडिया वन एटीएम कंपनी के कर्मचारी नीरज कुमार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई गौरव सिंह को सौंपी है। अपराध निरीक्षक रवींद्र कुमार पांडेय ने बताया कि कर्मचारी की तहरीर के आधार पर सोमवार की रात रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घटना के खुलासे के लिए टीम लगाई गई है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

### केस दर्ज होने के बारे में भी चौकी इंचार्ज बेखबर

**लखीमपुर खीरी।** संकटा देवी पुलिस चौकी इंचार्ज गौरव सिंह का कहना है कि घटना संज्ञान में आने के बाद एटीएम संचालकों से सीसीटीवी फुटेज मांगा गया, लेकिन वहां से जवाब मिला कि कैमरे की हार्ड डिस्क ही चोर निकाल ले गए। इतना ही नहीं, दूसरे कैमरे की फुटेज भी उपलब्ध नहीं कराई गई और बैकअप तक नहीं होने की बात कही गई। यह तर्क खुद ही सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी प्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। चौंकाने वाली बात यह रही कि चौकी इंचार्ज ने प्राथमिक तौर पर अपने ही बयान में एटीएम से जुड़े विभाग की भूमिका पर शक जता दिया, जो जांच की दिशा और पुलिस की गंभीरता दोनों पर सवाल उठाता है। सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि चौकी इंचार्ज को यह तक नहीं मालूम कि मामले में तहरीर कब मिली और रिपोर्ट दर्ज हुई या नहीं। उन्होंने साफ कहा कि न तो तहरीर मिली है और न रिपोर्ट दर्ज हुई है। जब उन्हें बताया गया कि रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है, तो उन्होंने अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि मुझे जानकारी नहीं है, दिखवाते हैं। इस पूरे मामले ने पुलिस की कार्यप्रणाली की पोल खोल दी है।

# गन्ने के खेत में पड़ा मिला ग्रामीण का शव

### 13 मार्च को रामू की पत्नी ने संदिग्ध हालात में खा लिया था जहरीला पदार्थ, ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप



- सोमवार रात को लगभग 8 बजे घर से निकला था रामू

संवाददाता, भानपुर/बिजुआ

**अमृत विचारः** भीरा थाना क्षेत्र में पत्नी की संदिग्ध हालत में जहरीला पदार्थ खाने से मौत होने के महज 33 दिन बाद पति की मौत हो गई। उसका शव गन्ने के खेत में पड़ा बरामद हुआ है। इन दो मौतों ने हर किसी को झकझोर दिया है। घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं और पूरे क्षेत्र में चर्चाएं तेज हो गई हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजते हुए जांच शुरू कर दी है।

गांव चंदपुरा निवासी 32 वर्षीय रामू पुत्र बूधर का शव मंगलवार को पड़रिया तुला और गोंधिया की सीमा पर स्थित गुरदयाल राठौर गन्ने के खेत में मंगलवार की सुबह पड़ा देखा गया। शव पड़े होने की जानकारी क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। रोते-बिलखते परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलते ही भीरा थानाध्यक्ष रोहित दुबे और बिजुआ चौकी इंचार्ज सुशील तिवारी मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे।



घटना स्थल पर रोती-बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार



परिजनों से पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार

### दो मौतों से असमंजस में लोग

पहले पत्नी राधा और उसके 33 दिन बाद पति रामू की मौतों ने गांव में भय और असमंजस का माहौल बना दिया है। लोग खुलेआम इस मामले को रहस्य मान रहे हैं और प्रशासन से जल्द सच्चाई सामने लाने की मांग कर रहे हैं। अब यह देखना अहम होगा कि पुलिस जांच इस गुत्थी को सुलझा पाती है या यह मामला भी अनसुलझे सवालों में उलझा रह जाएगा।

> प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि रामू अत्यधिक शराब पीता था। उसके सीने पर खरोंच के निशान हैं। इसके अलावा कोई ऐसी चोट या निशान नहीं है, जो डंडे आदि के हों। आशंका है या तो उसकी अत्यधिक शराब पीने से मौत हुई या फिर उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। सीने पर मिले निशान इस बात की गवाही दे रहे हैं। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पुलिस गहराई से जांच कर रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। -**रोहित दुबे**, एसओ भीरा।

पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि रामू सोमवार रात करीब 8 बजे से लापता था। परिजनों के मुताबिक वह घर से निकला था, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटा। सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि आखिर वह अपने घर से करीब 5 किलोमीटर दूर उस खेत तक कैसे पहुंचा, जबकि उसकी ससुराल घटना स्थल से महज 200 मीटर की दूरी पर है। यह दूरी और स्थान पूरे मामले को और भी संदिग्ध बना रहे हैं।

13 मार्च 2026 को रामू की पत्नी राधा ने संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। उस घटना के बाद से ही दोनों परिवारों के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई थी। परिजनों का कहना है कि पत्नी की मौत के बाद रामू मानसिक रूप से टूट गया था और अत्यधिक शराब का सेवन करने लगा था, लेकिन उसकी अचानक इस तरह मौत होना कई सवाल खड़े कर रहा है। मृतक के भाई नारायण ने ससुराल पक्ष पर सीधे तौर पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि राधा की मौत के बाद से ही विवाद चल रहा था और उसी के चलते रामू को रास्ते से हटाया गया है। वहीं, ससुराल पक्ष ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है।

मृतक के साले राजेश का कहना है कि वे लोग इस घटना में शामिल नहीं हैं, बल्कि किसी ने साजिश के तहत हत्या कर शव उनके घर के पास डाल दिया है ताकि उन्हें फंसाया जा सके। ग्रामीणों के बीच इस बात को लेकर भी चर्चा है कि अगर रामू रात 8 बजे से लापता था तो उसकी तलाश को लेकर परिवार ने क्या प्रयास किए और वह इतनी दूर कैसे पहुंचा। पुलिस के सामने यह भी चुनौती है कि यह घटना हत्या है, आत्महत्या है या किसी अन्य कारण से हुई मौत। पुलिस इन सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है।

# खरमास समाप्त, आज से शुरू होंगे मांगलिक कार्य

संवाददाता, मूड़ा सवारान

- बाजारों में बढ़ी रौनक, एक माह के विराम के बाद विवाहों और शुभ कार्यों की फिर से शुरुआत

**अमृत विचारः** शुभ कार्यों के लिए महत्वपूर्ण माने जाने वाले खरमास का समापन हो गया है। इसके साथ ही अब विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण, मुंडन, जनेऊ संस्कार सहित सभी प्रकार के मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो गई है। करीब एक महीने तक चले इस अशुभ माने जाने वाले काल के समाप्त होते ही लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार जब सूर्य देव गुरु (बृहस्पति) की राशि में प्रवेश करते हैं, तब खरमास की शुरुआत होती है और इस दौरान कोई भी शुभ या मांगलिक कार्य करना वर्जित माना जाता है। इस अवधि में विशेष रूप से विवाह, गृह प्रवेश, भूमि पूजन जैसे कार्यक्रम स्थगित कर दिए जाते हैं। यही कारण रहा कि पिछले एक महीने से विवाह आदि आयोजन पूरी तरह थमे हुए थे। खरमास के समाप्त होते ही शुभ मुहूर्तों का सिलसिला शुरू हो गया है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार अब ग्रह नक्षत्रों की स्थिति अनुकूल हो गई है, जिससे आने वाले दिनों में विवाह सहित अन्य शुभ कार्यों के लिए कई अच्छे मुहूर्त उपलब्ध हैं। लोगों ने पहले से ही बुकिंग करा रखी थी, जो अब तेजी से आयोजित होने लगेंगी।खरमास समाप्त होते ही बाजारों में भी रौनक लौट आई है। ज्वेलरी, कपड़ा, सजावट, फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। विवाह के सीजन को देखते हुए दुकानदारों ने भी नए नए कलेक्शन और ऑफर बाजार में उतारे हैं। कपड़ा व्यापारियों का कहना है कि अब अगले कुछ हफ्तों तक लगातार ग्राहकों की आवाजाही बनी रहेगी। मैरिज हॉल, बैंक्वेट हॉल, टेंट हाउस, कैटरिंग और बैंड-बाजा से जुड़े कारोबारियों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है। कई स्थानों पर हॉल पहले से ही बुक हो चुके हैं और तैयारियां शुरू हो गई हैं।

# जुआ खेलते 11 आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- 79 हजार रुपये, दो कार, दो बाइक, एक स्कूटी जब्त
- कोतवाली सदर व थाना खीरी पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

**अमृत विचारः** कोतवाली सदर और थाना खीरी पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक जुआ अड्डे पर छापा मारा। पुलिस ने मौके से जुआ खेलते हुए 11 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

अपराध निरीक्षक रविंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि सलेमपुर कोन रामापुर के समीप स्थित एक शराब की दुकान के पीछे कुछ लोग जुआं खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर विनय कुमार निवासी गंगोत्री नगर, विशाल सिंह निवासी गोविंद नगर, अंकित चौरसिया निवासी जोडी बंगला नौरंगाबाद, अनिकेत गुप्ता निवासी नौरंगाबाद, प्रियांशु वर्मा निवासी गोविंद नगर, अमन गौतम निवासी सलेमपुर कोन, मारूफ अली निवासी गोविंद नगर, अभिजीत कुमार निवासी सलेमपुर कोन, अजय कुमार निवासी गोविंद नगर, शैलेन्द्र के अलावा गुड्डू उर्फ रितेश निवासी गोविंद नगर बताया को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान कुल 79,000 रुपये की नकदी बरामद हुई है। इसके अलावा मौके से दो एसयूवी कार, दो बाइक और एक स्कूटी भी जब्त की गई, जो जुआ खेलने आए लोगों की बताई जा रही हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रहा है।



सदर कोतवाली में गिरफ्तार आरोपी। ● अमृत विचार

# स्ट्रीट लाइट पोल से टकराई कार

संवाददाता, संसारपुर

- बाइक सवार को बचाने में डिवाइडर पर चढ़ी कार

**अमृत विचारः** संसारपुर कस्बे से निकले राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा होते होते बच गया। जब एक कार चालक ने अचानक सामने आए बाइक सवार को बचाने के प्रयास में वाहन का नियंत्रण खो दिया। कार डिवाइडर पर चढ़कर स्ट्रीट लाइट के पोल से टकरा गई, जिससे कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बाइक सवार मौके पर बाइक छोड़कर भाग गया।

जनपद मेरठ निवासी अजय त्यागी पुत्र ओमप्रकाश त्यागी अपनी कार से लखीमपुर जा रहे थे। कार अरविंद शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा निवासी मैथोला (मेरठ) चला रहे थे। जैसे ही कार कस्बे के मेन चौराहे नेशनल हाईवे-730 पर बांकेगंज रोड के पास पहुंची, तभी एक बाइक सवार अचानक हाईवे पर आ गया और कार से टकरा गया। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में कार चालक ने तुरंत वाहन को डिवाइडर की ओर मोड़ दिया, जिससे कार डिवाइडर पर चढ़ गई और वहां लगे स्ट्रीट लाइट पोल से जा टकराई। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पूरी घटना डिवाइडर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद कस्बे का बाइक सवार बाइक छोड़कर भाग गया। संसारपुर चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को हाईवे से हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारू कराई।



संसारपुर में घटना स्थल पर पहुंची पुलिस तथा ग्रामीण। ● अमृत विचार

### दुर्लभ रेड सैंड बोआ सांप मिलने से हड़कंप

**पलिया कलां, अमृत विचार :** पलिया वन रेंज के गांव दरेरी में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक दुर्लभ प्रजाति का रेड सैंड बोआ सांप ग्रामीणों को दिखाई दिया। दुर्लभ सांप दिखने की सूचना मिलते ही भयभीत स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। वन विभाग के ट्रेनी आईएफएस अधिकारी अक्षय वाले, सोसियोलॉजिस्ट नाजरुन निशा ने स्थिति का जायजा लिया। अक्षय वाले की अध्यक्षता में वन टीम ने सांप का रेस्क्यू अभियान चलाया। सांप को सुरक्षित पकड़ लिया गया। इसके बाद टीम ने उसे दुधवा जंगल में छोड़ दिया गया।


**आवश्यकता है**

- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
- वार्ड बॉय/वार्ड आया

**रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल**

सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली

मो. +91-8077808309, 9837357497


# वैश्य सम्मेलन को रणनीति पर मंथन

संवाददाता, पलियाकलां

- 22 अप्रैल को लखीमपुर शहर के वंदन गार्डन में होगा सम्मेलन

**अमृत विचारः** नगर पालिका सभागार में वैश्य समाज की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें 22 अप्रैल को लखीमपुर के वंदन गार्डन में होने वाले वैश्य व्यापारी सम्मेलन को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक में समाज के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बताया गया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' शामिल होंगे, जिससे कार्यक्रम का महत्व और बढ़ गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजू अग्रवाल ने की। इस दौरान लखनऊ व बरेली मंडल अध्यक्ष संदीप गुप्ता, उपाध्यक्ष ईशान गुप्ता, महामंत्री अजय अग्रवाल, लखीमपुर नगर अध्यक्ष श्याम जी गुप्ता, जायसवाल समाज के अध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, महामंत्री मनोज जायसवाल, नगर पालिकाध्यक्ष लक्ष्मी देवी गुप्ता, महिला समिति अध्यक्ष बीना गुप्ता, विधानसभा अध्यक्ष पवित्र प्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**पलिया में कार्यकारिणी घोषित :** बैठक के दौरान वैश्य समाज की नई नगर कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। वरिष्ठजनों की उपस्थिति में संजय गुप्ता को नगर अध्यक्ष और धीरज गुप्ता को महामंत्री बनाया गया। इसके अलावा विजय गुप्ता, ईश्वर चंद्र गुप्ता, दिनेश गुप्ता, निरंजन लाल अग्रवाल, सूरज गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता व सुरेश चंद्र गर्ग को संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई। रितेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया, जबकि शैलेन्द्र श्रीवास्तव, पंकज गुप्ता, श्याम गुप्ता, संदीप जायसवाल व पंकज गुप्ता को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। राजेंद्र राठौर को संगठन मंत्री और राजीव गुप्ता को मीडिया प्रभारी बनाया गया। वहीं रमेश, सौरभ गुप्ता, नीरज, मनोज, महेश गुप्ता आदि थे।



पलिया में संपन्न वैश्य समाज की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# ईसानगर में एक ही रात दो घरों से लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** थाना ईसानगर क्षेत्र के ग्राम ढखिनिया मजरा रामलोक में चोरों ने एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की नकदी और कीमती जेवरात पार कर दिए। एक ही रात दो वारदातों से गांव में दहशत फैल गई है, वहीं ग्रामीणों ने पुलिस गश्त पर भी सवाल उठाए हैं।

गांव निवासी अश्वनी दीक्षित उर्फ रमाकांत दीक्षित बीसी का संचालन करते हैं। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल की रात रात चोर उनके घर में घुस आए। उस समय परिवार के लोग घर के अंदर सो रहे थे। चोरों ने बड़ी ही शातिर तरीके से घर के अंदर रखी लाखों रुपये की नकदी और कीमती जेवरात समेट लिए। सुबह जब परिवार जागा तो घर का सामान बिखरा मिला और नकदी-जेवरात गायब थे। पीड़ित के अनुसार उनके यहां बीसी संचालन के चलते अक्सर नकदी का लेन-देन होता है, जिससे अंदेशा है कि चोरों को पहले से जानकारी रही होगी। हैरानी की बात यह है कि इसी रात चोरों ने गांव के ही उत्तम पाण्डेय के घर को भी निशाना बनाया और वहां से भी जेवरात चोरी कर ले गए। एक ही रात में दो घरों में चोरी की घटना ने पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर गश्त होती तो संभवतः वारदात रोकी जा सकती थी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई धर्मेंद्र सिंह चंदेल को सौंपी है।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9756905552, 8445507002


**सूचना**

मैंने अपने पुत्र मो. अशरफ उसकी पत्नी राबिया (पुत्रवधु) के कृत्यों से तंग आकर उनसे संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, वह अपने कृत्य के लिए खुद जिम्मेदार होंगे। **बन्नो बेगम पत्नी स्व. छोटे ग्राम अटंगाचांदपुर नवाबगंज बरेली।**

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0914009 का प्रमाण पत्र एवं इंटर मीडिएट वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0763698 प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **अंजली कश्यप पुत्री जेव लाल निवासी नई बस्ती खलीलपुर सीबीगंज बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे समस्त मूल प्रमाण पत्र जिसमें मेरे शैक्षिक प्रमाण पत्र, बी.यू.एम.एस. की डिग्री भी शामिल है। मेरे समस्त मूल प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिली। **डॉ. शबनम परवीन पत्नी अहसान पुत्री जमील अहमद नि. सी. 2483 मिनी एल.आई.जी. राजाजीपुरम थाना तालकटोरा जिला लखनऊ। दिनांक: 30.03.2026**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 1073811 का अंक सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिला। **कु. जसविन्दर कौर पुत्री प्रीतम सिंह नि कोटा खास जिला शाहजहांपुर।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जा रहा है कि मेरा नाम महजबीन था जो मैंने बदलकर महजबीन खानम रख लिया है, मेरे आधार कार्ड व हाईस्कूल की मार्कशीट पर महजबीन खानम दर्ज है, भविष्य में मुझे महजबीन खानम नाम से जाना जाये। **महजबीन खानम पूरनपुर जिला पीलीभीत**


**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

